हरिभूमि
# रायपुर भूमि





## गार्डन में न हरियाली न ढंग से देखभाल, अफसरों ने कहा- टिकट लगाओ, रखरखाव का खर्च निकालो

- अफसर बोले- बजट प्रावधान नहीं होने की वजह से दूसरे मद से पैसा खर्च नहीं किया जा सकता

### इन पार्कों को विकसित किया

सीसीएफ कार्यालय द्वारा रायपुर डीएफओ कार्यालय के लिखे पत्र अनुसार पर्यावरण पार्क अंतर्गत गोकुल नगर पर्यावरण पार्क, नक्षत्र वाटिका बोरियाकला, हर्बल गार्डन आयुर्वेद कालेज, मुक्तांगन हर्बल गार्डन तथा धरमपुरा हाउसिंग बोर्ड परिसर को उनके मूल भू-स्वामियों को स्थानांतरित करने कहा गया। इसकी वजह इन पार्कों के रखरखाव के लिए विभाग द्वारा राशि का आबंटन नहीं किया जाना है। इसी तरह से सोन डोंगरी तथा मोहरेंगा स्थित पार्क के लिए शुल्क निर्धारित करने की बात का उल्लेख किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन विभाग द्वारा आवासीय क्षेत्र में विकसित किए गए पार्कों के रखरखाव के लिए फंड आबंटित नहीं किए जाने की वजह से विभाग ने अपने द्वारा विकसित पार्क संबंधितों को लौटा दिए हैं। इसके साथ ही मोहरेंगा स्थित इंदिरा गांधी नेचर सफारी तथा सोन डोंगरी पर्यावरण पार्क, बॉटनिकल गार्डन के रखरखाव के लिए शुल्क निर्धारित करने विभागीय अफसरों ने मुख्यालय को ▶▶|शेष पेज 12 पर

### अफसरों का यह कहना है

अलग-अलग विभागीय अफसरों से बात करने पर अफसरों ने बताया कि वन विभाग किसी पार्क के विकसित होने के बाद एक अंतराल तक सुरक्षा तथा रखरखाव के लिए राशि खर्च करता है। पार्क विकसित होने के बाद संबंधित संस्थाओं को लौटा दिया जाता है। गौरतलब है कि पूर्व में कैंपा मद से रहवासी क्षेत्र में पार्क विकसित करने के साथ पेड़ लगाने राशि आबंटित की जाती थी। कैंपा का फंड जू सहित शहरी क्षेत्र में खर्च नहीं किया जा सकता। कैंपा फंड का उपयोग केवल वनक्षेत्र में करने का प्रावधान होने की वजह से शहरी क्षेत्र में विकसित उद्यानों के रखरखाव के लिए वन विभाग के पास पैसों की किल्लत है।

### संबंधितों को सौंपने मुख्यालय ने लिखा पत्र

जिन संस्थाओं से पार्क विकसित करने जमीन लिया गया था, उसको लेकर वन मुख्यालय ने पत्र लिखा है। वन मुख्यालय द्वारा लिखे पत्र के अनुसार विकसित किए गए पार्क के रखरखाव के लिए राशि आबंटित करना संभव नहीं है। इसीलिए उन पार्कों को संबंधित संस्थाओं को हस्तांतरित करने के लिए कहा गया है। सोन डोंगरी तथा मोहरेंगा स्थित पार्क के रखरखाव तथा चौकीदार के लिए राशि आबंटित करने की जानकारी दी गई है।

### नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.
वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कूष्माण्डा यशस्वनीम्॥

चिरान की टीपी में तस्करी कर ला रहे थे साल गोला

## सीमा पर जांच, क्लीयरेंस दिया फिर भी ओडिशा से रायपुर 20 लाख की लकड़ी की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन विभाग की टीम ने महासमुंद के रास्ते तस्करी कर लाए गए 20 लाख रुपए का साल गोला लट्ठ जब्त किया है। यह लकड़ी चिरान के परमिट पर रायपुर लाई गई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने साल गोला लट्ठ जब्त करने की कार्रवाई की है। गौरतलब है कि किसी दूसरे राज्य से गोला की शक्ल में लकड़ी लाने की अनुमति नहीं है।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक रायपुर के किसी धोरमनाथ ट्रेडिंग कंपनी तथा पवन ट्रेडर्स नामक टिंबर का काम करने वाली कंपनी ने लकड़ी मंगाई है। विभागीय अफसरों के मुताबिक जो टीपी काटा गया है, वह चिरान के नाम से है। शिकायत मिलने पर मौके पर जांच की गई, तो लकड़ी गोला की शक्ल में मिली। इस वजह से साल गोला की लकड़ी जब्त कर पीओआर दर्ज कर जांच के आदेश दिए गए हैं। विभागीय अफसरों के मुताबिक इसकी जानकारी ओडिशा वन विभाग के अफसरों को भी दे दी गई है। ओडिशा तथा रायपुर वन विभाग की टीम लकड़ी मामले में जांच कर रही है।

### टीपी में हेरफेर करने की आशंका

वन विभाग के अफसरों ने आशंका व्यक्त की है कि कारोबारियों के ठिकानों से जो लकड़ी का गोला जब्त किया गया है, उसका परमिट फर्जी हो सकता है। अफसरों ने आशंका व्यक्त की है कि बार्डर पार कराने के लिए किसी अन्य का परमिट दे दिया गया है। अफसर परमिट की जांच करने की बात कह रहे हैं।



किसी दूसरे राज्य से गोला लाने की अनुमति नहीं



### वन्यजीवों की खाल की तस्करी भी

ओडिशा के तस्कर लकड़ी के साथ ही वन्यजीवों का शिकार कर खाल तथा वन्यजीवों के अंगों की धड़ल्ले से तस्करी करते हैं। वन विभाग की टीम ने ओडिशा के तस्करों के कब्जे से शेड्यूल-1 प्रजाति के बाघ की खाल तक बरामद की है। ओडिशा के तस्कर राज्य के उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल उजाड़कर कब्जा तक कर रहे हैं। ओडिशा के जिन लोगों ने पूर्व में जंगल उजाड़कर कब्जा किया था। उनके खिलाफ अभियान चलाकर बेजाकब्जा मुक्त कराकर कानूनी कार्रवाई भी की गई है।

### जांच के बाद कैसे पहुंची लकड़ी

वन विभाग की टीम ने जो लकड़ी का गोला जब्त किया है, वह गोला सरायपाली के रास्ते रायपुर पहुंचा है। टीपी में बार्डर में जांच की सील लगी हुई है। ऐसे में सवाल उठता है कि छत्तीसगढ़ बार्डर पर टीपी की जांच की गई, तो वन विभाग की टीम ने बार्डर पर गड़बड़ी क्यों नहीं पकड़ी। बार्डर पर लकड़ी से भरे ट्रक की जांच पर सवाल उठ रहे हैं।

### निजी फर्म को गोला भेजने की अनुमति नहीं

गौरतलब है कि किसी अन्य राज्य से निजी क्षेत्र से लकड़ी मंगाने पर चिरान के रूप में लकड़ी भेजने की अनुमति है, लेकिन गोला की शक्ल में लकड़ी का टीपी काटने की अनुमति नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है, रायपुर के कारोबारियों के पास गोला की शक्ल में कीमती इमारती लकड़ी कैसे पहुंची।

### ओडिशा के रास्ते बड़े पैमाने पर तस्करी

ओडिशा के रास्ते बड़े पैमाने पर इमारती लकड़ियों की गोला लकड़ी की तस्करी करने का खेल चल रहा है। तस्करी फर्जी परमिट के माध्यम से की जा रही है। ज्यादातर लकड़ी तस्कर महासमुंद तथा धमतरी के रास्ते ओडिशा से लकड़ी तस्करी कर लाते हैं। वन विभाग के अफसरों की सतत निगरानी के दावों के बीच इस तरह से लकड़ी तस्करी होना गंभीर चिंता का विषय है।

## ड्रग रैकेट मामले में नाइजीरियन सहित दो गिरफ्तार

- पैसों का लेन-देन करने अकाउंट उपलब्ध कराने वाला पुलिस गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में बड़े पैमाने पर सिंथेटिक ड्रग का कारोबार करने वाले रैकेट से जुड़े एक नाइजीरियन सहित दो लोगों को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन दो लोगों को गिरफ्तार किया है, उसमें नाइजीरियन मूल का आरोपी ड्रग के पैसों का सर्कुलेशन करने तथा एक अन्य अकाउंट उपलब्ध कराने का काम करता था।

पुलिस के अनुसार ड्रग तस्करी रैकेट से जुड़े ओनेएक्का स्टेपन ओलुचुक्क तथा नजरे आलम को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि पुलिस ने पिछले महीने 23 सितंबर को ड्रग तस्करी करने के आरोप में शुभम सोनी, अभिषेक साहू उर्फ चीनी तथा लोकेश अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। तीनों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने ड्रग आपूर्ति करने वाले एक अन्य नाइजीरियन सहित अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अब तक 41 लाख रुपए का सिंथेटिक ड्रग जब्त किया है।

### ड्रग रैकेट का संचालन नाइजीरियन कर रहे थे

पुलिस के अनुसार ड्रग रैकेट का संचालन नाइजीरियन कर रहे थे। पूर्व में पकड़ा गया इनोसेंट ओलोचुक्वु ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसके द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर दिल्ली, पुणे, मुंबई सहित देश के अलग-अलग शहरों में ड्रग रैकेट का संचालन किया जा रहा था । पुलिस के अनुसार ड्रग तस्कर हिमाचल प्रदेश के रास्ते दिल्ली में ड्रग मंगवाते थे और डिमांड के आधार पर पैडलरों के पास ड्रग भेजते थे। पुलिस के अनुसार ड्रग से प्राप्त आय को नाइजीरियन तस्कर अपने परिवार के पास नाइजीरिया भेज देते हैं। इसकी वजह पकड़े जाने पर पुलिस को उनसे रकम की बरामदगी न हो पाए।

*विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर कहा- यह प्रदेश के 3 करोड़ लोगों का निवास*

## 'राम' के बाद 'विष्णु' का भी नवा रायपुर में गृह प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवरात्रि के पावन अवसर पर सपरिवार विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर नवा रायपुर में नवनिर्मित नए मुख्यमंत्री निवास में गृहप्रवेश किया। उन्होंने अपनी माता जसमनी देवी से आशीर्वाद ग्रहण कर गृह प्रवेश किया। श्री साय ने कहा, यह निवास प्रदेश के 3 करोड़ लोगों का निवास है, जिसके दरवाजे सदैव खुले हैं। जब भी मन करे आइए, आप सभी का स्वागत है।

- कृषिमंत्री रामविचार नेताम कर चुके हैं प्रवेश, दयाल दास और लक्ष्मी को भी आवंटन

नवरात्रि के पहले दिन से ही नवा रायपुर स्थित सीएम आवास पर 3 दिन की विशेष पूजा शुरू हुई, जिसके बाद माना जा रहा है कि सीएम विष्णुदेव साय ▶▶|शेष पेज 12 पर



### 8 एकड़ में बना सीएम हाउस

सेक्टर-24 में 8 एकड़ के विशाल भूखंड में 65 करोड़ की लागत से सीएम हाउस बना है। सीएम हाउस में 6 बेडरूम, फैमिली और लिविंग रूम, प्राइवेट थियेटर, हेल्थ सेंटर और बड़ी लाइब्रेरी होगी। सीएम आवास में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। सीएम आवास ▶▶|शेष पेज 12 पर

### ये थे मौजूद

इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, उनकी धर्मपत्नी रानी डेका काकोटी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस सहित अनेक विधायक और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। गृहप्रवेश कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों ने मुख्यमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### मंत्रियों के बंगले भी तैयार

नवा रायपुर के सेक्टर-24 में मंत्रियों और नेता प्रतिपक्ष के बंगले बन गए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के कई मंत्रियों के बंगलों का पता अब नवा रायपुर का सेक्टर 24 होगा। जानकारी के अनुसार, मंत्री और नेता प्रतिपक्ष के बंगले 2 एकड़ में बनाए गए हैं। सेक्टर 24 में मंत्री और नेता प्रतिपक्ष के साथ अधिकारियों के लिए 78 बंगले तैयार किए गए हैं। बंगलों में मंत्री और अधिकारियों की शिफ्टिंग शुरू हो गई है।

## माइनिंग घोटाले के दो और आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माइनिंग घोटाला तथा मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल में बंद कारोबारी सूर्यकांत तिवारी के चाचा लक्ष्मीकांत तिवारी तथा माइनिंग अफसर शिवशंकर नाग को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का फैसला सुनाया है। लक्ष्मीकांत दो साल से जेल में बंद हैं। आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट ने मनी लांड्रिंग के आरोप में जमानत दी है।

- जमानत मिलने के बाद भी जेल से रिहाई नहीं होगी

गौरतलब है कि कोल घोटाला तथा मनी लांड्रिंग के आरोप में लक्ष्मीकांत तिवारी को ईडी ने अक्टूबर 2022 में गिरफ्तार किया था। साथ ही खनिज अधिकारी को जांच एजेंसी ने पिछले वर्ष 2023 को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को जस्टिस अभय एस. ओक, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की खंडपीठ ने जमानत पर रिहा करने का फैसला सुनाया है। ▶▶|शेष पेज 12 पर

## दवाइयां, संसाधन और मैन पॉवर की कमियों को दूर करना प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नए डीन बनाए गए डॉ. विवेक चौधरी ने कहा कि अस्पताल में मरीजों की जरूरी दवाओं, इलाज संबंधी उपकरण सहित मैन पॉवर की कमियों को दूर करना उनकी प्राथमिकता होगी। विभिन्न विभागों में बिगड़ी अथवा बंद पड़ी मशीनों को पुनः शुरू कराया जाएगा। स्वीकृत मगर लंबित पड़े आवश्यक निर्माण कार्यों को पूरा करने पुरजोर प्रयास होगा।

आंबेडकर अस्पताल में लंबे समय तक चिकित्सा अधीक्षक के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले कैंसर विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक चौधरी को शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर का डीन बनाया गया है। ▶▶|शेष पेज 12 पर

- पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नए डीन डॉ. विवेक चौधरी ने कहा



### विभागीय स्तर पर करेंगे चर्चा

डॉ. विवेक चौधरी ने कहा कि आने वाले दिनों में मेडिकल कालेज के तमाम विभागों के जिम्मेदारों की बैठक लेकर उनसे उपचार में आने वाली समस्या के बारे में जानने का प्रयास करेंगे। व्यक्तिगत जानकारी लेकर डीन स्तर पर दिक्कतों को दूर कर मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। अस्पताल को सुपरस्पेशलिटी बनाया जाएगा।

फोटो वायरल होने के बाद जेल प्रबंधन ने रिपोर्ट दर्ज कराई

## पैरोल समाप्त होने के बाद भी खुले में घूम रहा हत्यारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पैरोल समाप्त होने के बाद हत्या के आरोपी का खुले में घूमने का सोशल मीडिया में फोटो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया में फोटो वायरल होने के बाद जेल प्रबंधन ने हत्या के आरोपी के खिलाफ जेल में आमद दर्ज नहीं कराने की रिपोर्ट दर्ज कराई। जेल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

जेल प्रबंधन द्वारा थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक राशिद अली उर्फ राजा बैझड़ नौ जुलाई को पैरोल पर रिहा हुआ था। राशिद को 25 जुलाई को शाम पांच बजे तक जेल में आमद दर्ज करानी थी, लेकिन उसने जेल में आमद दर्ज नहीं कराई। राशिद के खिलाफ वर्ष 2017 में कोतवाली थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश संतोष दुबे ने पूजा, सचदेव, मोनिका सचदेव तथा दो अन्य के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। आरोपियों को कोर्ट ने वर्ष 2019 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।



**कैरम खेलने अन्य गतिविधियों का फोटो वायरल**

जेल से पैरोल पर छूटने के बाद राशिद संतोषी नगर सहित भाठागांव में अपने दोस्तों के साथ मिलने तथा कैरम खेलने का सोशल मीडिया में फोटो अपलोड कर रहा था। इसके बाद आम लोगों ▶▶|शेष पेज 12 पर

### खबर संक्षेप

### शेयर मार्केट में लाभ का झांसा, 99 लाख ठगे

**रायपुर।** शेयर मार्केट में अधिक लाभ दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 99 लाख रुपए की ठगी हो गई। तेलीबांधा थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रार्थी अमिनेष तिवारी निवासी तेलीबांधा ने पुलिस को बताया कि वह गुजरात की सेल्स रेसेरा कंपनी में मैनेजर है। उसे 8 अगस्त को चंद्रा वीआईपी हाई क्वालिटी स्टाक शेयरिंग ग्रुप एए-77 सहित अन्य कुछ ग्रुप ने वाट्स एप चैट से उसे जोड़ा और शेयर बाजार में अधिक लाभ दिलाने की बात कहकर पहले 10 हजार रुपए निवेश कराया। इसके बाद धीरे-धीरे उसने 88 लाख रुपए इस ग्रुप के जरिए निवेश किए। उसके बाद उससे रकम निकालने के नाम पर 10 लाख रुपए जमा करा लिए। इस तरह 99 लाख रुपए की ठगी हो गई।

### फर्जी तरीके से जमीन अपने नाम कराई, केस दर्ज

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध चार सौ बीसी का मामला दर्ज किया है। प्रार्थी अब्दुल नासिर निवासी संतोषीनगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गौसिया मस्जिद के पास भुरे खान एवं उसकी बेगम के नाम पर 576 वर्गफीट जमीन है। इन दोनों की मृत्यु हो चुकी है। आरोपी सलीम ने इस जमीन का एकमात्र उत्तराधिकारी होना बताकर फर्जी तरीके से अपने नाम करा ली है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### भाजयुमो के सदस्यता रथ को केदार कश्यप ने किया रवाना

**रायपुर।** प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप ने रायपुर के कालीमंदिर से भाजयुमो के सदस्यता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा, युवा मोर्चा के इस अभियान से युवाओं का जुड़ाव भाजपा से अधिक से अधिक होगा। इसी कड़ी में महासमुंद में रथ को सांसद रूप कुमारी चौधरी ने हरी झंडी दिखाई। भाजयुमो ने प्रदेश भर में पांच लाख कदस्य बनाने के लिए शुक्रवार से रथ यात्रा प्रारंभ की है।

### 4 करोड़ 68 लाख की लागत से होंगे नए विकास कार्य



**रायपुर।** जोन 1 क्षेत्र के वार्ड नंबर 3, 4 एवं 5 में कई नए विकास कार्य होंगे। इन कार्यों के लिए 4 करोड़ 68 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने शनिवार को इन वार्डों में श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर नए विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया।

### अभिषेक बने किसान कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

**रायपुर।** किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने अभिषेक मिश्रा को छत्तीसगढ़



किसान कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। नियुक्ति पर अभिषेक मिश्रा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा, सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

# भाजपा के प्रदेश में 32 लाख सदस्य बने, पिछला आंकड़ा पार, 60 लाख के पार जाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने अब तक 32 लाख से ज्यादा सदस्य बना लिए हैं। यह पुराने सदस्यता के आंकड़ों से ज्यादा है। 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है। अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सदस्यता अभियान की क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने समीक्षा करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता जिस संकल्प को ले लेता है उसे पूर्ण करने के बाद ही विश्राम करता है। हमने जो संकल्प सदस्यता का लिया है उसे पूर्ण करने कोई कसर हम नहीं छोड़ रहे हैं। मंडल से लेकर बूथ और जिला स्तर तक सदस्यता अभियान को जिस तरह से सफलता मिल

### प्रदेश में भाजपा के पहले 31 लाख सदस्य थे




रही है हम अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर हैं। श्री जामवाल ने कहा, 2014 में हमने 22 लाख सदस्य बनाए थे 2019 में 9 लाख और बनाए गए। उस समय कोविड भी हमारे सामने चुनौती था। अब 2024 में 32 लाख से अधिक सदस्य अब तक बन चुके हैं। जो हमारे निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में एक पड़ाव मात्र है। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा, प्रदेश में सदस्यता की पूरी टोली जिस तरह से जुटी है उसके साथ ही जिलावार संगठन के सारे पदाधिकारी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। हम लगातार केन्द्रीय संगठन द्वारा तय लक्ष्यों को पूरा करने में सफल हो रहे हैं। निर्धारित समय में लक्ष्यों को पूर्ण करने की दिशा में और जुटना होगा। प्रदेश सदस्यता संयोजक अनुराग सिंहदेव ने कहा, हर मोर्चा-प्रकोष्ठ सहित सभी के जो लक्ष्य तय किए गए हैं उस दिशा में हमें आशातीत सफलताएं मिल रही हैं। फिर भी लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए हमें और सक्रियता से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता रथ यात्रा निकाली गई है उसमें युवा मोर्चा की सहभागिता अधिक हो इस पर भी सभी को जुटने की जरूरत है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, महामंत्री द्वय संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, रामजी भारती, सांसद रूपकुमारी चौधरी, सदस्यता अभियान के सह प्रभारी डॉ. नवीन मारकंडे, संभाग प्रभारी, जिला संगठन प्रभारी, जिला सदस्यता प्रभारी, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिले के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व सदस्यता अभियान टोली की सदस्य मौजूद थे।

### रद्द किए गए आवेदनों में सबसे ज्यादा रायपुर जिले के

# श्रमिक पंजीयन के लिए 42 लाख से ज्यादा आवेदन, 15 लाख से ज्यादा रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## 40 हजार लंबित

श्रमिक पंजीयन के लिए राज्यभर से इस बार 42 लाख 90 हजार 586 आवेदन आए हैं। इनमें से अब तक 26 लाख 53 हजार 854 श्रमिकों का पंजीयन किया जा चुका है, वहीं 39 हजार 828 श्रमिकों का पंजीयन अभी लंबित है। इनमें 30 दिन से अधिक लंबित करीब साढ़े चार हजार आवेदन हैं। इसके अलावा 15 लाख 96 हजार 814 श्रमिकों के आवेदन विभिन्न कारणों से रद्द किए गए हैं। रद्द किए गए आवेदनों में सबसे ज्यादा रायपुर जिले के हैं। यहां 2 लाख 65 हजार 138 आवेदन रद्द किए गए हैं। इसके अलावा राजनांदगांव, बालोद, धमतरी, बिलासपुर, महासमुंद में एक लाख से अधिक श्रमिकों के आवेदन रद्द हुए हैं।




### नवीनीकरण के लिए आए 879269 आवेदनों में 27933 आवेदन लंबित

विभाग के आकड़ों के अनुसार श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण के लिए कुल 8 लाख 79 हजार 269 आवेदन किए गए हैं। इनमें से 6 लाख 90 हजार 223 श्रमिकों का नवीनीकरण हो गया है, वहीं 27 हजार 933 आवेदन अभी लंबित हैं। इनमें 15 दिन से अधिक समय से लंबित 12 हजार 441 आवेदन है। नवीनीकरण के आए आवेदनों में 1 लाख 61 हजार 102 आवेदनों को विभिन्न कारणों से निरस्त किए गए हैं।

### जिलेवार पंजीकृत श्रमिक- लंबित एवं निरस्त आवेदनों का विवरण

| जिला | कुल प्राप्त | लंबित | निरस्त |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 699303 | 432534 | 265138 |
| बलौदा बाजार | 197980 | 88359 | 105514 |
| गरियाबंद | 104463 | 66147 | 37350 |
| धमतरी | 238800 | 116959 | 117904 |
| महासमुंद | 285251 | 139753 | 141976 |
| बिलासपुर | 313678 | 189425 | 122761 |
| मुंगेली | 64216 | 46157 | 17526 |
| कोरबा | 149251 | 103866 | 44753 |
| जांजगीर-चाम्पा | 188286 | 97871 | 88842 |
| रायगढ़ | 122398 | 71012 | 50220 |
| गोरेला पेंड्रा मरवाही | 15316 | 11209 | 3930 |
| बस्तर | 45140 | 38976 | 5419 |
| कोंडागांव | 37100 | 27990 | 8118 |
| कांकेर | 89517 | 71142 | 17410 |
| दन्तेवाड़ा | 33868 | 26872 | 6649 |
| सुकमा | 42861 | 37787 | 4868 |
| नारायणपुर | 18691 | 17627 | 873 |
| बीजापुर | 14467 | 12701 | 1747 |
| सरगुजा | 93852 | 54896 | 37743 |
| सुरजपूर | 167876 | 117479 | 48756 |
| बलरामपुर | 64612 | 47702 | 16277 |
| कोरिया | 71734 | 50619 | 20663 |
| जशपुर | 42249 | 33025 | 9018 |
| दुर्ग | 214198 | 131670 | 81374 |
| राजनांदगांव | 311079 | 121862 | 187536 |
| बालोद | 174730 | 109153 | 63788 |
| बेमेतरा | 147170 | 90735 | 52946 |
| कवर्धा | 117895 | 83087 | 33959 |
| मोहला-मानपुर- | 22099 | 21039 | 435 |
| खैरागढ़-छुईखदान | 31717 | 29545 | 922 |
| सक्ती | 75430 | 74063 | 607 |
| मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी | 28594 | 28084 | 160 |

# बघेल ने लोहारीडीह की घटना पर सरकार से पूछे पांच सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोहारीडीह घटना पर सरकार से पांच सवाल पूछे हैं। उन्होंने इसके पीछे गृह मंत्री विजय शर्मा की भूमिका बताते हुए गृहमंत्री पर स्थानीय लोगों को धमकाने का आरोप लगाया। गृहमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा, आप जांच एजेंसी को जांच करने दीजिए, खुद जांच एजेंसी मत बनिए। सभी मामलों पर जांच होगी, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में श्री बघेल ने लोहारीडीह घटना पर कहा, कचरू साहू की हत्या की गई है, उन्होंने आत्महत्या नहीं की है। उनके परिवार वाले और स्थानीय लोगों का यह मानना है। उनकी बेटी ने शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, गृह सचिव, डीजीपी और संबधित जिले के एसपी को पत्र लिखा है। इसी आधार पर मैंने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने यह सवाल उठाया कि प्रशांत साहू की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्या निकला। तीसरा जो 69 लोग गिरफ्तार हुए थे, उनके खिलाफ धाराएं क्या लगीं। 169 लोग कौन हैं, जिन पर एफआईआर दर्ज की है। चौथा सवाल कि दंडाधिकारी की जांच का दायरा क्या है, किन-किन मामलों की जांच की होगी और अंत में दोषी पुलिस अफसरों के खिलाफ कब एफआईआर की जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, झनक नाम का व्यक्ति कचरू साहू के साथ गया, लेकिन उससे कोई पूछताछ नहीं की गई। वह आज भी गांव में खुलेआम घूम रहा है।





### अपराध की राजधानी

वहीं कवर्धा में अपराध बढ़ने का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, आज कवर्धा अपराध की राजधानी बन चुका है। हत्या, बलात्कार, जुआ-सट्टा कवर्धा में पूरे प्रदेश में सबसे ज़्यादा है। ये स्पष्ट है कि इसमें गृह मंत्री की भूमिका है। वहीं लोहारीडीह की घटना पर गृहमंत्री के लोगों को धमकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि गृह मंत्री ने बच्ची से कहा, तुम बहुत ज्यादा मोबाइल में बात कर रही हो।

### उप मुख्यमंत्री का पलटवार

उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लगाए आरोपों पर कहा, पहले आप जांच एजेंसी को जांच करने दीजिए, खुद जांच एजेंसी मत बनिए। मैं पूछना चाहता हूं कि बिरनपुर में भुनेश्वर साहू को मारा गया, उनके यहां गृह मंत्री क्यों नहीं गए?, कवर्धा में जब लोगों को पीटा गया, तब मुख्यमंत्री क्यों नहीं गए?, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री थे। कवर्धा में गांव में एक परिवार के बीच का झगड़ा है, उसे शांत होने दीजिए। जांच पूरी होगी, सभी मामलों पर जांच होगी, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।



## खबर संक्षेप




### डब्ल्यूआरएस अस्पताल के स्टाफ का किया सम्मान

**रायपुर।** विश्व मानवाधिकार परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा डब्ल्यूआरएस अस्पताल के डॉक्टर्स एवं स्टॉफ का सम्मान किया गया। सीएमओ ने डॉ. मल्लेश, डॉ. युसूफ, डॉ. अवंति, डॉ. हेमंती के साथ नर्स और अन्य स्टॉफ को सम्मानित किया। इस अवसर पर मरीजों को जीवनरक्षक दवाएं, भोजन और पानी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरुणा एवं अन्नू साहू ने किया। इस कार्यक्रम में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत सिंह, उपाध्यक्ष सुशील झा, जिला अध्यक्ष ऋषभ शर्मा, डॉ. गीतिका, रूपेश एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाई महात्मा गांधी जयंती



**रायपुर।** सामाजिक संस्था नशामुक्ति महाभियान समिति द्वारा विगत 2 जुलाई 2023 से रायपुर राजधानी में लगातार नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कोटा स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नशामुक्ति अभियान भी चलाया गया।

### वर्सी महोत्सव में पहुंचे संत-महंत सीएम साय को भी आमंत्रण

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदास राम साहेब का 33वें वर्सी महोत्सव में देशभर के तमाम धर्मस्थलों से संत, महंत, साधु शामिल होने पहुंचे हैं। वर्सी महोत्सव में छत्तीसगढ़ के 11 धामों के अलावा भारतवर्ष के 65 गोदड़ीवाला धामों में से अनेक श्रद्धालु और बाबा भक्तों का आगमन हो चुका है। जनप्रतिनिधियों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सभी विधायकों व पूरे मंत्रिमण्डल को भी आमंत्रित किया गया है।



# 4 दिन बाद खुल जाएंगी रेत की खदानें, सप्लाई शुरू होते ही गिरेगी कीमत

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

अलग खबर

रेत खदानों के उत्खनन पर लगा प्रतिबंध 10 अक्टूबर को खत्म हो रहा है। इसके बाद 11 अक्टूबर से बंद खदानों में रेत का उत्खनन एवं परिवहन का काम भी शुरू हो जाएगा। अभी तक खदानें बंद होने के कारण रेत का परिवहन भी नहीं हो पा रहा था, जिसका फायदा माफिया एवं कारोबारियों ने उठाकर रेत की कीमत मनमानी बढ़ा दी है। बाजार में 8 से 12 रुपए फीट की जगह रेत 24 से 30 रुपए फीट की दर से बेची जा रही है। हालांकि बंद खदानें खुलने के बाद बाजार में रेत की सप्लाई बढ़ जाएगी, जिससे रेत की कीमत में भी गिरावट आएगी। इसके बाद आम लोगों को महंगी रेत से बड़ी राहत मिलेगी।

### थमे कारोबार में आएगी तेजी

एनजीटी ने 15 जून से 10 अक्टूबर तक रेत की खदानों को बंद रखने का आदेश जारी किया था। इस आदेश के तहत रायपुर जिले में भी सभी खदानें बंद हैं। यह प्रतिबंध 4 दिन बाद हट जाएगा। इसके बाद ठेकेदार पुनः खदानों में रेत का उत्खनन एवं परिवहन का काम प्रारंभ कर देंगे। यह काम शुरू होते ही रेत के थमे कारोबार में भी तेजी आने लगेगी। अभी तक खदानों के बंद होने से रेत की सप्लाई नहीं हो पा थी, जिसके कारण रेत का कारोबार भी थमा हुआ है। सप्लाई नहीं होने से ट्रेडर्स दुकानों के संचालक भी आर्डर नहीं ले पा रहे थे। खदानों में उत्खनन का काम शुरू होने पर रेत की सप्लाई भी शुरू हो जाएगी, जिससे ट्रेडर्स संचालक भी रेत का ऑर्डर ले पाएंगे। इससे रेत के थमे कारोबार में भी

### एनओसी मिलने तक उत्खनन पर रोक



### 13 खदानों में 5 को अब तक नहीं मिला एनओसी

जिले में रेत की 13 खदानों को ठेके पर दिया गया है। कांग्रेस शासनकाल में फरवरी 2023 में इन खदानों का टेंडर हुआ था। इसके बाद से अब तक इनमें से 8 खदानों को ही सीआ से एनओसी मिल पाई है, वहीं 5 खदानों को अब तक एनओसी नहीं मिल पाई है। इन सभी खदानों के ठेकेदारों द्वारा एनओसी के लिए सीआ में आवेदन किए कई महीनें हो गए हैं, लेकिन अभी तक एनओसी मिल नहीं पाई है।

### *एनओसी बिना खदानों में उत्खनन की अनुमति नहीं*

*जिन खदानों को सीआ से एनओसी मिली है, वही खुलेंगी। 8 खदानों को एनओसी मिल चुकी है, शेष को भी जल्द मिल जाएगी। 10 अक्टूबर को खदानों पर लगा प्रतिबंध खत्म हो रहा है।*

*- **केके गोलघाटे,** उप संचालक खनिज विभाग रायपुर*

# शासकीय कार्यालयों में जगह-जगह पसरी गंदगी और कचरे का ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में इन दिनों स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन सहित विभिन्न सरकारी संस्थाओं से लेकर राजनीतिक दलों के लोगों द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के कई शासकीय कार्यालयों में ही स्वच्छता अभियान का मखौल उड़ाया जा रहा है। ये शासकीय कार्यालय कोई और नहीं, बल्कि कलेक्टोरेट और तहसील कार्यालय है। इन दोनों कार्यालयों में जगह-जगह गंदगी और कचरों का ढेर लगा हुआ है, जिसके कारण इन कार्यालयों के स्टॉफ से लेकर आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### तहसील कार्यालय परिसर में जगह-जगह गंदगी

रायपुर तहसील कार्यालय में भी नियमित सफाई नहीं होने से यहां अक्सर जगह-जगह गंदगी और कचरों का ढेर लगा रहता है।कार्यालय के अंदर परिसर में कई तहसीलदारों के कोर्ट के बाहर बरामदे के पास कचरों का ढेर लगा रहता है। तहसीलदारों की कोर्ट में सुनवाई और अन्य काम से आने वाले लोगों को इस गंदगी और दुर्गन्ध के बीच में कोर्ट के बाहर बैठकर या खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है।




### कलेक्टोरेट की तीन मंजिल बिल्डिंग में जगह-जगह पसरी गंदगी

कलेक्टोरेट की तीन मंजिल बिल्डिंग में जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। इस बिल्डिंग की सीढ़ियों और दीवारों के पास नियमित सफाई नहीं होने से हमेशा गंदगी पसरी रहती है। इसके कारण इन सीढ़ियों से चढ़कर आना-जाना करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम लोगों को गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। इन सीढ़ियों की दीवारों पर कई जगह पर पान-गुटखा भी थूक दिया गया है। इस गंदगी को भी साफ नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि इस बिल्डिंग में सिर्फ एक लिफ्ट लगी हुई है। इस लिफ्ट के अंदर भी पान-गुटखा के थूकने से गंदगी पसरी हुई है। इसके कारण कई अधिकारी एवं कर्मचारियों ने इस लिफ्ट से आना-जाना भी बंद कर दिया है। इस बिल्डिंग के बाथरूम का भी बद से बदतर हाल है। सफाई के अभाव में बिल्डिंग के रूम नंबर 21 के बगल में बने बाथरूम का भी उपयोग करना छोड़ चुके हैं।



### *रजिस्ट्री भवन, कृषि विभाग, लोकसेवा केंद्र कार्यालय के सामने भी पसरी गंदगी*

*कलेक्टोरेट में रजिस्ट्री भवन, कृषि विभाग और लोकसभा कार्यालय परिसर में भी भारी गंदगी पसरी हुई है। यहां भी नियमित रूप से सफाई नहीं की जाती है, जिसके कारण हर रोज यहां गंदगी पसरी मिलती है। यही नहीं, कई जगह पर कचरे का ढेर भी लगा रहता है।*

# मौत के बाद भी स्टेशन में नहीं सुधर रही यात्रियों की लापरवाही, चलती ट्रेन में चढ़ने का जानलेवा प्रयास जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- स्टेशन में शुक्रवार को पैर फिसलने से यात्री की हुई थी मौत, घटना के बाद भी आरपीएफ और यात्रियों ने नहीं लिया सबक

राजधानी के रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को एक यात्री द्वारा चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान पैर फिसलने से दर्दनाक मौत हुई थी, जिसके बाद भी स्टेशन में यात्रियों द्वारा जानलेवा लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को भी ट्रेनों में जल्दबाजी में चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास यात्रियों द्वारा किया जा रहा है। रायपुर रेलवे स्टेशन पर ही यात्रियों की लापरवाही से मौत और जख्मी होने की मामले सालभर में बढ़ गए है। प्लेटफार्म पर आरपीएफ के दो जवान तैनात होते हैं, जो ट्रेन के चलने के बाद यात्रियों को चढ़ने से मना करते हैं। इसके बाद भी यात्री अपनी जान को जोखिम डाल कर चलती ट्रेन में चढ़ रहे हैं। रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों में रोज यात्री स्वयं अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसी लापरवाही पर एक दिन पहले ही एक यात्री को जान से हाथ भी धोना पड़ा था। आरपीएफ की जागरूकता के बाद भी यात्री चलती ट्रेन से चढ़ने-उतरने का प्रयास कर रहे हैं।



### ज्यादातर यात्रियों की अच्छी रही किस्मत

शनिवार को जब हरिभूमि ने पड़ताल की, तो पता चला कि हर ट्रेन में यात्रियों द्वारा जानलेवा प्रयास किया जा रहा है। आरपीएफ की मौजूदगी में यात्री चलती ट्रेन में चढ़ रहे हैं। हल्की से लेकर अधिक स्पीड तक में यात्री चढ़ने का प्रयास करते रहे। संपर्क क्रांति, छत्तीसगढ़, दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस समेत अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों में आधा दर्जन से अधिक यात्रियों की किस्मत अच्छी रही कि ट्रेन में चढ़ने में सफल रहे। आरपीएफ का कहना है कि ट्रेन की हल्की स्पीड भी उतरने और चढ़ने लायक नहीं होती। रेलवे स्टेशनों पर तैनात आरपीएफ के जवान सालभर में दर्जन से अधिक यात्रियों की जान बचा चुके हैं।

# 40 संचालकों से निगम ने वसूला 20 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग, जेडएचओ एवं स्वच्छता दीदियों ने शनिवार को राजधानी रायपुर के विभिन्न जोन क्षेत्रों में दुकानों के सामने सफाई अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान 40 दुकानों के सामने गंदगी पसरी मिलने पर उनके संचालकों पर जुर्माना लगाकर 20 हजार रुपए वसूला। निगम प्रशासन के निर्देश पर शहर के सभी जोन क्षेत्रों में निगम के स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छता दीदियों की टीम ने गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की। टीम ने शहर के सभी जोन क्षेत्र के शंकर नगर, अवंति विहार, लाखनेगर, अश्विनी नगर, अशोक नगर सहित अन्य मुख्य बाजार में यह अभियान चलाया। इस दौरान 40 दुकानों के सामने भारी गंदगी पसरी मिली।

**न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर (छ.ग.)**
**(तहसील कार्यालय परिसर, शास्त्री चौक, जी. ई. रोड, रायपुर)**

**ईश्तहार**

प्रकरण क्रमांक/202410111000001/ब-113 (4) वर्ष- 2023-24
क्रमांक/ 696 /अ.वि.अ./पं.सा.न्या./2024 रायपुर, दिनांक 03/10/2024

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोवर्धन दास डागा, सचिव, सेठ सुल्तानचंद नथमल डागा ट्रस्ट, निवासी सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.) द्वारा "सेठ सुल्तान चंद नथमल डागा ट्रस्ट", सार्वजनिक न्यास, पंजीयन क्रमांक - 150 की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार ट्रस्ट पंजी में परिवर्तन हेतु लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 9 ( 1 ) के तहत निम्नानुसार परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया हैः-

-:: ट्रस्ट में परिवर्तन ::-

| क्र. | परिवर्तन की प्रकृति | परिवर्तन के कारण | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | नव नियुक्त ट्रस्टी का नाम लोक न्यास पंजी में दर्ज करनें हेतु :- (1) श्री नितिन कुमार डागा पिता श्री सुशील कुमार डागा, (2) श्री अनुराग डागा पिता श्री गोपीदास डागा, (3) श्री राहुल डागा पिता श्री अशोक डागा, (4) श्री परीक्षित डागा पिता गोकुलदास डागा, (5) श्री अंकित डागा पिता गोवर्धन दास डागा | न्यास में कार्यरत ट्रस्टी की मृत्यु होने के कारण रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु नये ट्रस्टियों की नियुक्ति । | |

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त संबंध में कोई दावा, आपत्ति या सुझाव हो तो वे इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य ( 02 प्रतियों में) प्रस्तुत कर सकते है एवं पेशी के दिन कार्यालय समय में स्वतः या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होवे । निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत किये गये दावा आपत्ति या सुझाव पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(नंदकुमार चौबे)
पंजीयक, सार्वजनिक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम आदमी को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता – श्री विशाल लालवानी, पिता – श्री चंद्र कुमार लालवानी, निवासी –गली नं. 04, फाफाडीह, तहसील व जिला–रायपुर, छत्तीसगढ़ के हक, अधिपत्य व स्वामित्व की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम–उरला, प.ह.न. 00029, रा.नि.मं. रायपुर–21–रावांभाठा, तहसील – धरसीवा, जिला – रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 636/8/ग, रकबा – 0.2660 हेक्टेयर, को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना की राशि प्रदान कर करार नामा निष्पादित किया जा चुका है, व बकाया प्रतिफल अदायगी उपरांत बैनामा पंजीयन कराया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध मे कोई भी व्यक्ति, कोई परिवारिक सदस्य, किसी संस्था ( शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तीय निकाय ) फर्म, समूह, कंपनी, ट्रस्ट या अन्य किसी को विक्रय करने के संबंध मे कोई दावा आपत्ति हो तो 07 दिनों के अंदर मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् की गयी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार के द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पंजीयन की कार्यवाही करा लिया जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

दिनांक – 05/10/2024

नीलेश कुमार देवांगन, अधिवक्ता
एन.के. देवांगन एण्ड कं.
पंचपथ पारा चौक, मोईं पारा के पास,
वार्ड – ब्राम्हण पारा, रायपुर, छ.ग.
मो. 9300302418

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**अभनपुर उप तहसील खोरपा**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः जिला रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.न.-00009 खोरपा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425441628700001

**// ईश्तहार //**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00009 के अंतर्गत ग्राम खोरपा के वर्तमान भूमिस्वामी यादवराम पिता रामजी साहू पिता/पति- पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 908(0.2400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गणेश प्रसाद अग्रवाल पिता/पति-बिशन लाल अग्रवाल पता-रामसागर पारा रायपुर तनमय अग्रवाल पिता/पति-गणेश प्रसाद अग्रवाल पता-रामसागर पारा रायपुर, करन अग्रवाल पिता/पति-गणेश प्रसाद अग्रवाल पता-रामसागर पारा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24/10/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अभनपुर उप तहसील खोरपा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

Raammoothy diwan
अतिरिक्त तहसीलदार
उप तहसील खोरपा










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### लैलूंगा नगर पंचायत सीईओ निलंबित

रायपुर। नगरीय प्रशासन विभाग ने लैलूंगा नगर पंचायत की सीईओ ममता चौधरी को निलंबित कर दिया है। उन पर यह कार्रवाई 2016-17 में डस्टबिन खरीदी में की गई अनियमितता के पुराने मामले में की गई है। मामले की जांच में उन पर लगा आरोप प्रमाणित पाया गया। उनसे 6 लाख 15 हजार 751 रुपए की आर्थिक क्षति की वसूली का निर्णय भी लिया गया है। उनकी दो वेतन वृद्धि भी रोकने का आदेश दिया गया था। इस आदेश की अवहेलना करते हुए मार्च 2024 से जुलाई 2024 तक पूरा वेतन आहरण किया गया। हाल ही में नगरीय पंचायतों की समीक्षा बैठक में गलत जानकारी दिए जाने का मामला सामने आने के बाद निलंबन कर उन्हें संयुक्त संचालक कार्यालय बिलासपुर में अटैच किया गया है।

## निधन

### जुल्फिकार हैदर खान



रायपुर। लक्ष्मी नगर निवासी जुल्फिकार हैदर खान (88) का इंतेकाल हो गया। उनका जनाजा 6 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से बैरनबाजार कब्रिस्तान ले जाया जाएगा। वे अरसल हैदर खान के वालिद एवं एडवोकेट मो. साजिद खान एवं मो. तारिक खान के बड़े पिता थे।

### बसंत दुबे



रायपुर। रायपुरा विकास विहार कॉलोनी निवासी बसंत दुबे 63 वर्ष (फुंडा वाले) का 5 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे साइंस कॉलेज की सहायक प्राध्यापक किरण बाला दुबे के पति, प्रिया दुबे एवं यश दुबे के पिता थे।

### हरजस राय नागवानी



रायपुर। अनुपम नगर निवासी हरजस राय नागवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 अक्टूबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे पदम नागवानी के भाई और नवीन, ध्रुव, प्रशांत नागवानी के पिता थे।

### सुनील पाठक

रायपुर। राजा तालाब निवासी सुनील पाठक (73) का 5 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे रिटायर्ड डीएसपी अनिल पाठक के बड़े भाई और प्रांचल पाठक के पिता थे।

# किताब घोटाले में कांग्रेस की जांच समिति ने जिला अध्यक्षों से मंगाई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में हुए डेढ़ सौ करोड़ से भी ऊपर के किताब महाघोटाले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बनाई गई जांच समिति के निर्णय अनुसार छत्तीसगढ़ अंतर्गत सभी जिलों में शासकीय किताबों की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने कांग्रेस जिला अध्यक्षों को पत्र जारी किया गया है। मामले में सात जिलों की पुस्तकों को रद्दी में बेचे जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद कांग्रेस सभी जिलों की जानकारी मंगा रही है।

कांग्रेस जांच समिति की बैठक में अब तक मामले की गई कार्रवाई पर चर्चा की गई। वहीं रायपुर जिले में कई स्कूलों में डंप पुस्तकों की जानकारी सामने आने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र लिखकर जानकारी मांगने का निर्णय लिया गया। उनसे यह जानकारी मांगी गई है कि जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों में वितरण हेतु कितनी शासकीय किताबें आयीं, कितनी आवंटन हुई और कितनी शेष बची हैं। अध्यक्षों को जिले के समस्त स्कूलों में व्यक्तिगत रूप से जाकर भी जानकारी उपलब्ध करने कहा गया है। बच्चों को पुस्तकों का वितरण हुआ है या नहीं और कहीं पुस्तकें डंप करके तो रखी नहीं गई हैं। पूरी जानकारी छत्तीसगढ़ किताब घोटाले की जांच समिति को पत्र के माध्यम से शीघ्र अतिशीघ्र अवगत कराने कहा गया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ प्रदेश को कलंकित करने वाले इस महाघोटाले के दोषियों के ऊपर जब तक कार्यवाही नहीं हो जाती तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। कांग्रेस इस लड़ाई को चरणबद्ध तरीके से जारी रखेगी। जांच समिति में पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, श्रीकुमार मेनन, उधोराम वर्मा और पप्पू बंजारे को रखा गया है।

## डीईओ और बीईओ कार्यालय को वितरण के लिए दी गई किताबों में कितनी हुई डंप



### एसीएस रेणु पिल्ले से करेंगे मुलाकात

पुस्तक घोटाले के मामले में शासकीय जांच समिति की जांच पर संदेह जताते हुए कांग्रेस की जांच समिति ने तय किया है कि मामले में संलिप्त लोगों को हटाने की मांग को लेकर एसीएस रेणु पिल्ले से मिलेंगे। उनसे मिलकर समिति पाठ्यपुस्तक माफिया के बारे में श्वेतपत्र जारी करने, पाठ्यपुस्तक छपाई पर नई नीति बनाने की मांग, पाठ्यपुस्तक का छपाई भंडारण वितरण एवं प्राप्ति के समय दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग करेंगे। समिति का आरोप है कि सभी जिलों में 5 से 10 करोड़ की किताबों को डंप की गई हैं। पाठ्यपुस्तक निगम के गोदाम से करीब 2 लाख की किताबें अगस्त माह में ही कबाड़ियों को बेची गई थीं।

# 3000 किलो बिकेगा सोना, त्योहारी सीजन में सराफा बाजार में बरसेंगे 3000 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- चांदी की भी होगी जमकर खरीदारी, पुष्य नक्षत्र, धनतेरस पर ही होगा 15 सौ करोड़ का कारोबार

नवरात्रि के साथ ही त्योहारी सीजन का आगाज हो गया है। सराफा बाजार में इस समय जमकर लक्ष्मी की कृपा बरस रही है। वैसे इस बार तो पितृपक्ष में भी सराफा बाजार गुलजार रहा है, क्योंकि सोने और चांदी की लगातार बढ़ रही कीमतों के कारण ग्राहक कोई मौका नहीं गंवाना चाहते। जिसको जब मौका मिल रहा है, खरीदारी कर रहा है। इस बार नवरात्रि से लेकर दीपावली तक 3000 किलो सोना बिकने की संभावना है। सोने और चांदी का तीन हजार करोड़ का कारोबार होगा। ऐसे में चांदी भी थोक में हजारों किलो बिकेगी। चांदी की कीमत कम होने के कारण इसका कारोबार कम होता है।

सोने और चांदी की कीमत लगातार बढ़ रही है। इस समय सोना जहां 80 हजारी बनने की राह पर है, वहीं चांदी लखपति बनने बेकरार है। संभावना है कि पुष्य नक्षत्र से पहले सोने की कीमत 80 हजार और चांदी की एक लाख हो सकती है। वैसे इस समय कम से कम सोने की कीमत तो रिकॉर्डतोड़ चल रही है। पहली बार सोना 78 हजार के पार गया है। जहां तक चांदी का सवाल है तो चांदी की कीमत एक बार 97 हजार के पार जा चुकी है। चांदी अभी अपने पुराने रिकॉर्ड को पार नहीं कर सकी है।



### तीन हजार करोड़ के कारोबार की संभावना

इस बार त्योहारी सीजन में दीपावली तक छत्तीसगढ़ में तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है। सोने की बढ़ती कीमत के कारण निवेशक भी लगातार खरीदारी कर रहे हैं। *- कमल सोनी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन*

### यह है तीन टन सोना बिकने का गणित

सोने की कीमत इस समय 78 हजार रुपए दस ग्राम है। यह कीमत अगर 80 हजार तक गई तो कीमत 80 लाख रुपए किलो हो जाएगी।इस कीमत से हिसाब लगाया जाए तो दीपावली तक सोना तीन हजार किलो, यानी तीस क्विंटल मतलब तीन टन बिकेगा, क्योंकि कारोबारी दीपावली तक तीन हजार करोड़ के कारोबार की उम्मीद लगा रहे हैं। ऐसे में 80 लाख के हिसाब से 3000 किलो सोने की कीमत 24 सौ करोड़ होती है। इतने का सोना आराम से बिकेगा, संभावना इससे ज्यादा के बिकने की है, क्योंकि तीन हजार करोड़ की खरीदारी में चांदी की खरीदारी ज्यादा नहीं होगी। वैसे निवेशक रोज पांच करोड़ का निवेश जरूर चांदी में भी करते हैं। इसी के साथ चांदी के बर्तन, जेवर भी बिकते हैं। चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक सीजन में चांदी की बिक्री पांच सौ करोड़ के आस-पास होगी।

### पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर होगी ज्यादा खरीदारी

यूं तो छत्तीसगढ़ में सराफा बाजार में 50 से 60 करोड़ का कारोबार रोज होता है। इसमें से 50 फीसदी कारोबार निवेशकों का है। निवेशक 20 से 25 करोड़ का सोना खरीदते हैं। रोज की बिक्री ही करीब एक माह में 15 सौ करोड़ से ज्यादा की हो जाती है। बाकी की 15 सौ करोड़ की बिक्री का अनुमान पुष्य नक्षत्र और धनतेरस का है। इन दोनों दिनों में प्रदेश में आसानी से 15 सौ करोड़ का कारोबार हो जाता है। बीते साल भी इतने का कारोबार हुआ था। इस बार इससे ज्यादा कारोबार हो सकता है, सोने की बढ़ती कीमत के कारण शादियों के लिए भी अभी से जमकर खरीदारी हो रही है।

# इंडिगो का सर्वर डाउन, एयरपोर्ट पर मामूली असर, मैनुअली हुआ काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



इंडिगो एयरलाइंस का सर्वर डाउन होने की वजह से शनिवार को देशभर में हवाई यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चेक इन की प्रक्रिया मैनुअली होने की वजह से विमानतल पर यात्रियों की भीड़ लगी। दोपहर साढ़े 12 बजे शुरू हुई परेशानी शाम साढ़े छह बजे के बाद सुधरी। सर्वर की परेशानी का असर उड़ान पर भी नजर आया।

सिस्टम में आई खराबी का बड़ा असर रायपुर विमानतल पर इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि दोपहर में यहां विमानों की आवाजाही कम होती है। एक-दो फ्लाइट यहां पहुंची, जिसके यात्रियों को चेक इन की प्रक्रिया ऑफलाइन तरीके से पूरी करनी पड़ी। इसके साथ ही बोर्डिंग के लिए भी थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान यात्रियों की भीड़ नजर आई। शाम होने के बाद जब यहां यात्रियों की संख्या अधिक होती है, उस दौरान सर्वर की परेशानी में सुधार हो गया था। जानकार लोगों का कहना है कि इस परेशानी ने उन एयरपोर्ट के यात्रियों को ज्यादा जूझना पड़ा, जहां बड़ी संख्या में फ्लाइट की आवाजाही होती है। दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों के एयरपोर्ट पर यात्रियों की लंबी कतारें लगी रहीं।


**न्यायालय श्रीमान अष्ठ्म अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी अनिल प्रभात मिंज साहब)
संतोष कुमार आ. श्यामजी गंधर्व उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम लमेर (घुटकू), तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) वगैरह
................अपीलार्थीगण
विरूद्ध
धनीराम आ. रामस्वरूप वगैरह
.................उत्तरवादीगण
प्रोसेस क्र.- 1086
वि. वि.व्य. अपील.क्र.- 116/2019
आदेश दिनांक-05/09/2024
पेशी ता.- 17/10/2024
सुमन गंधर्व पिता स्व. कोमल पति बहलराम निवासी चंगोराभाठा, महादेव घाट के पास, पैसठ घर रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
.....उत्तरवादी क्र. 2 (अ)
यह कि. अपीलार्थीगण संतोष कुमार वगैरह के द्वारा एक व्यवहार अपील संतोष कुमार बनाम धनीराम वगैरह के नाम से इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिसमें आप उत्तरवादी क्र. 2 (अ) के रूप में पक्षकार है प्रकरण में सुनवाई हेतु पेशी तारीख दिनांक 17/10/2024 को नियत की गई है जिसमें आप स्वयं अधिवक्ता सहित उक्त पेशी दिनांक को न्यायालयीन समय ठीक 11:00 बजे आवश्यक रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर उक्त अपील प्रकरण में अपना प्रतिवाद करें। आपके अनुपस्थिति की स्थिति में उक्त पेशी तारीख को आपके विरूद्ध विधि अनुरूप एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये प्रकरण की अग्रिम सुनवाई की जा सकेगी यदि पेशी दिनांक 17/10/2024 को किसी कारणवश न्यायालयीन अवकाश होने पर न्यायालय बंद होने अथवा पीठासीन अधिकारी के अनुपस्थिति की स्थिति में प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर की जा सकेगी। सो पेपर प्रकाशन के माध्यम से न्यायालयीन नोटिस सूचना जानें।
अतः आज दिनांक 11/09/2024 को मेरे न्यायालयीन सील मुद्रा से जारी किया गया।
दिनांक-11.09.2024
स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)
**(अनिल प्रभात मिंज)**
**अष्टम जिला न्यायाधीश**
**बिलासपुर (छ.ग.)**


# तोमर ने राज्य युवा आयोग अध्यक्ष का पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित प्रदेश के कई मंत्री और विधायक हुए शामिल

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के नए अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने शनिवार को युवा आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, युवा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व संगठन महामंत्री राम प्रताप सिंह, अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक गुरू खुशवंत साहेब, विधायक शुशांत शुक्ला शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, श्री तोमर प्रदेश के प्रत्येक शैक्षणिक संस्था व अन्य स्थानों पर युवाओं से




मिलकर उन्हें एक धागे में पिरोकर छत्तीसगढ़ की उन्नति के लिए कार्य करवाएंगे। लगातार संगठन द्वारा दिए गए कार्यों को पूरा करने के लिए अपने से बड़ों का मार्गदर्शन लिया। उन्होंने कहा, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी पूरी लगन और मेहनत से निर्वहन करूंगा। कार्यक्रम में अनुराग अग्रवाल, अमरजीत छाबड़ा, उमेश घोरमोड़े, वैभव बैस, अमित मेशरी शाह उपस्थित थे।


# रात का पारा भी गर्म, मानसून की विदाई से ही मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मौसम में शुष्कता दिलाएगी चिपचिपी गर्मी से निजात

बारिश थमने की वजह से दिन के साथ रात में भी तापमान बढ़ने की वजह से गर्मी महसूस हो रही है। माना जा रहा है कि अभी महसूस हो रही चिपचिपी गर्मी से निजात मानसून की विदाई के बाद ही मिल पाएगी। सिस्टम के आगे बढ़ने के बाद वातावरण में शुष्कता बढ़ेगी, जिससे मौसम में ठंडकता आएगी।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, अभी वातावरण में 80 फीसदी से ज्यादा नमी है। तेज धूप की वजह से चिपचिपाहट बढ़ रही है और लोग असहज महसूस कर रहे हैं। दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है और रात



का पारा भी सामान्य से एक-दो डिग्री ज्यादा होकर 25 के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग विशेषज्ञों का कहना है कि इस असहजता भरी गर्मी से राहत के लिए मौसम का शुष्क होना जरूरी है। यह तभी संभव है, जब मानसून यहां से विदा होगा, द्रोणिका के हटने के बाद नमी की मात्रा में कमी आएगी और मौसम ठंडा होगा। शनिवार को शहर में हल्के बादल छाए रहे, मगर दिन के अधिकतम तापमान पर इसका कोई खास असर नहीं हुआ। राज्य में अभी बारिश के आसार बेहद कम हैं और लक्षण को देखते हुए इसकी विदाई भी राज्य से जल्दी ही शुरू होने की उम्मीद है।

## पेज 09 के शेष ...

### गार्डन में न हरियाली...

पत्र लिखा है। वनमंडलाधिकारी लोकनाथ पटेल के मुताबिक पूर्व में पार्कों के रखरखाव के लिए वन मुख्यालय से अलग से बजट आबंटित होते थे। पार्क विकसित होने के बाद संबंधितों को पार्क हैंडओवर करने का प्रावधान है। इसीलिए जिन पार्कों को वन विभाग ने पूर्व में विकसित किया है, उसे अब संबंधितों को लौटाया जा रहा है। गौरतलब है कि शहर के नजदीक मोहरेंगा स्थित इंदिरा गांधी नेचर सफारी तथा सोन डोंगरी पर्यावरण पार्क के पास वन विभाग की जमीन है। इन दोनों जगहों को मेंटनेंस करने विभाग के पास पैसों की किल्लत है। इसीलिए इसके रखरखाव के लिए शुल्क की दरें निर्धारित करने की मांग की गई है। मोहरेंगा स्थित नेचर सफारी में वर्तमान में मामूली शुल्क लिया जाता है। बावजूद इसके वहां सैर करने आने वाले लोगों का टोटा है।

### दवाइयां, संसाधन और...

वे संभवतः सोमवार को चार्ज लेंगे। शुक्रवार को शासन द्वारा जारी आदेश के बाद शनिवार को दिनभर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। हरिभूमि से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि उनकी पहली कोशिश होगी कि इलाज के लिए अस्पताल आने वाले किसी भी मरीज को निराश होकर नहीं लौटना पड़े। उन्होंने कहा कि अक्सर अस्पताल में दवाइयों तथा रीएजेंट की समस्या आती है। डीन के अंतर्गत मिले पॉवर का उपयोग कर वे इस कमी को दूर करने का प्रयास करेंगे। अस्पताल में कई उपकरणों की जरूरत है, जिन्हें उपलब्ध कराने के लिए वे अपना पूरा प्रयास करेंगे। चिकित्सकों के साथ अन्य स्टाफ की भर्ती भी लंबित पड़ी है, जिनकी दिक्कतों को दूर कर मैन पॉवर बढ़ाया जाएगा।

**नए भवन प्रगति निर्माण पर चर्चा करेंगे** : आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। इसके हिसाब से पुराना भवन छोटा पड़ने लगा है। शासन द्वारा नए भवन निर्माण के लिए राशि मंजूर की गई है। योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए संबंधित एजेंसियों से चर्चा की जाएगी। इसके साथ जिन योजनाओं के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है, उन निर्माण को भी पूरा करने पर जोर दिया जाएगा। **पढ़ाई को और बेहतर करने का प्रयास** : जेएन मेडिकल कालेज प्रदेश का सबसे बेहतर महाविद्यालय है, इसे और बेहतर बनाया जाएगा। चिकित्सा शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच बेहतर संवाद कायम कराया जाएगा। यहां जिन विभागों में चिकित्सा शिक्षकों की कमी है, उन्हें दूर करने की कोशिश की जाएगी। छात्रों और शिक्षकों के बेहतर अध्ययन तथा अध्यापन के लिए जरूरी संसाधन भी जुटाए जाएंगे।

### माइनिंग घोटाले के दो...

बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी लक्ष्मीकांत तथा एसएस नाग की रिहाई संभव नहीं है। इसकी वजह ये है कि दोनों के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने माइनिंग घोटाला मामले में अपराध दर्ज किया है।

### 'राम' के बाद...

जल्द ही नवा रायपुर में शिफ्ट हो सकते हैं। राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम पहले ही नवा रायपुर स्थित सरकारी बंगले में शिफ्ट हो गए हैं। यहां पर मंत्री दयालदास बघेल और लक्ष्मी राजवाड़े को बंगले का आवंटन हो चुका है। वे भी यहां पर गृह प्रवेश कर शिफ्ट होंगे।

### 8 एकड़ में बना...

की सुरक्षा के लिए आवास परिसर में हाईटेक तकनीक का उपयोग किया गया है।

### कैरम खेलने, अन्य...

सहित प्रेस से जुड़े लोगों ने इस संबंध में पड़ताल की, तो राशिद के पैरोल पर छूटने की जानकारी मिली। साथ ही जेल प्रबंधन के माध्यम से राशिद की पैरोल अवधि दो माह पूर्व समाप्त होने की जानकारी मिली। इसके बाद जेल प्रबंधन ने इस पर संज्ञान लेते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई।


रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ॐ सांई कार्पोरेशन
RICHFORD
आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बिजली बिल लायें और ई-रिक्शा ले जायें
0% DOWN PAYMENT
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम)
गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया,
बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

कृष्णा मोटर्स
THUKRAL
भारत का मजबूत एवं भरोसेमंद ई-रिक्शा
• आसान फायनेंस पर उपलब्ध • न्यूनतम डाऊनपेमेंट में घर ले जाएं
• मिनीमम 100 से 150 किलो. तक माइलेज पाएं
• लो मेंटनेंस • चलाने में आसान, प्रदूषण से मुक्ति
• भारत माता चौक, गुढ़ियारी, रायपुर • स्टेशन रोड गुरुद्वारा नीम पेड़ के पास, रायपुर
• करण टेलर्स के पास, गोकुल नगर, रायपुर मो. 9926131523, 9755802331

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

करन मोटर्स
CITYLIF
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
▪ लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
▪ 3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
▪ ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
करन मोटर्स • स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर • हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

CCTV | Biometrics | Fire Safety | Video Conf. | Networking & IT Solutions | Vehicle Traking
Fire Detection | Boom Barrier Gate Automn | Audio Conf | Smart Class Set up | Walky Talky | Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Bedsheet Factory
मानसरोवर
FESTIVE SPECIAL OFFER
COMFORTER सिंगल बेड ₹ 229/-
COMFORTER डबल बेड ₹ 319/-
*GST APPLICABLE
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
78800-02711, 78800-02704
मानसरोवर, संतकवर राम चौक, कटोरा तलब, रायपुर 78800-02708

- 10 साल की वेदिका ने घुड़सवारी में दिखाए हैरतअंगेज करतब
- सेना ने वाद्ययंत्रों से दी संगीत की प्रस्तुति, सांस्कृतिक कार्यक्रम और दुश्मनों से लड़ाई कर युवाओं में भरा जोश
- 7 अक्टूबर तक चलेगा सैन्य प्रदर्शनी आज से सुबह 8 से 10 और शाम को 9 से 10 बजे तक कार्यक्रम
- डेयर डेविल्स के करतब से रोमांचित हुए दर्शक, डबल क्रॉसिंग ने किया आकर्षित

## इंडियन आर्मी ने दिखाई ताकत

# शक्तिशाली हथियारों से दुश्मन मिनटों में ढेर





भारतीय सेना के शक्तिशाली हथियारों और हैरतअंगेज करतब देखने शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बड़ी संख्या में लोग तेज धूप के बावजूद साइंस कॉलेज मैदान पहुंचे। यहां सैन्य समारोह में इंडियन आर्मी के जांबाज जवानों ने अपने अदम्य साहस से परिचित कराया। जवानों ने बाइक राइडिंग और हॉर्स राइडिंग का जलवा दिखाया। सेना के जवानों और उनके घुड़सवार दल के कदमताल देखकर लोगों ने दांतों तले उंगलियां दबा लीं। प्रदर्शनी में आए लोगों को सेना के हथियारों के बारे में जानकारी दी गई।



### फ्लाय पास्ट देख हैरान हुए दर्शक

*शनिवार को साइंस कॉलेज ग्राउंड पर चल रहे सैन्य प्रदर्शनी के कार्यक्रम में इंडियन एयरफोर्स के हैलीकॉप्टर एमआई-17 ने फ्लाय पास्ट किया। हैलीकॉप्टर की नोज को नीचे कर उड़ाया, मानों सामने से सलामी दे रहा हो। मंच के करीब आते ही टेकऑफ पोजीशन ली और फिर तिरछे होकर उड़ने लगा। विशाल हैलीकॉप्टर को करीब से ऐसा करते देखना लोगों को हैरान कर गया।*



### घुड़सवारी में रायपुर और बस्तर के बच्चों ने दिखाए करतब

सैन्य समारोह में बस्तर के युवाओं ने अपने जौहर का प्रदर्शन किया। घुड़सवारी के माध्यम से अपनी प्रतिभा दर्शकों को दिखाई। घोड़े पर बैठकर युवाओं ने कबूतर को आजाद किया और बाइक के ऊपर से उछलकर पार किया तथा सामने बैठे एक व्यक्ति के सामने से तेजी के साथ घोड़े ने पार कर लिया, जिसका साहसिक करतब देखकर दर्शक काफी रोमांचित हुए। इस दौरान 10 साल की वेदिका की प्रस्तुति ने सभी को चकित कर दिया। उन्होंने घुड़सवारी में अनोखे करतब दिखाए।






**रायपुर।** हथियार की मारक क्षमता और उसकी तकनीक की जानकारी भी प्रदर्शनी में आए लोगों से साझा की गई। प्रदर्शन को देखने आए लोग भारतीय सेना के हथियारों को देखकर अचंभित हुए। प्रदर्शनी में शामिल होने के लिए रायपुर सहित दूसरे जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। सबसे ज्यादा युवाओं की संख्या रही। सेना की प्रस्तुति के बाद लोगों के दिलों में सेना के प्रति सम्मान और भी बढ़ गया। प्रदर्शनी में लोगों को लाने ले जाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से खास व्यवस्था की गई। लोगों के लिए निशुल्क बस सेवा का इंतजाम किया गया।

### जब दुश्मनों को सेना के कमांडों ने मार गिराया

पुख्ता सूत्रों से भारतीय सेना को खबर मिली कि दुश्मन हमारे देश में एक और आतंकवादी हमले की तैयारी कर रहे हैं। भारतीय सेना ने दुश्मन के मंसूबों को नाकामयाब करने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक करने का फैसला लिया। इस ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए भारतीय सेना की 6/11 गोरखा राइफल्स और 1 असम रजिमेंट के चुनिंदा कमांडोज स्पेशल हेडक्वार्टर्स और संचार केंद्र पर हमले की तैयारी कर रहे थे, तभी दुश्मन के टारगेट की पुख्ता जानकारी हासिल करने के लिए क्लोज टारगेट रेकनिसन्स ऑपरेशन शुरू किया और ड्रोन ने दुश्मन के टारगेट की खोजबीन शुरू की।

### संपर्क टूटने के बाद हेडक्वाटर्स को बम से उड़ाया



समरोह में रात के अंधेरे में किए जाने वाले डेमोंस्ट्रेशन की कार्रवाई सुबह की। घातक पलटन के कमांडोज ने दुश्मन के नजदीक से नजदीक जाकर बिना सरप्राइज खोए दुश्मन के संतरी को मार गिराया। ऐसे रेड की कार्रवाई साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सैन्य समारोह में दिखाई गई। इस कार्रवाई को देखकर दर्शक काफी रोमांचित हुए। इस कार्रवाई के दौरान जवानों ने दुश्मन के संचार केंद्र को विस्फोटक लगाकर नेस्तनाबूद कर दिया। इसके बाद दुश्मनों का हैडक्वाटर्स से संपर्क टूट गया और फिर जवानों ने दुश्मनों के हेडक्वार्टर पर हमला बोल दिया। अत्यधिक फायर कर कमांडोज ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए सेंट्रीज को मार गिराया। फिर डेमोलिशन टीम ने हेडक्वाटर्स पर बम लगाकर उसे उड़ा दिया। असाल्ट से घबराकर भागते हुए दुश्मन को चौकस कमांडोज ने मार गिराया। इस तरह दुश्मनों के हेडक्वार्टर को घातक टोली ने नेस्तनाबूद कर दिया।

### डेयर डेविल्स के करतब से रोमांचित हुए दर्शक

भारतीय सेना के डेयर डेविल्स ने अपने करतब और अदम्य साहस का परिचय देते हुए रोमांचित कर दिया। डेयर डेविल्स के डबल क्रॉसिंग, पैरेलल क्रॉसिंग के करतब को देखकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। सैल्यूट करते हुए हर जवान ने चलती हुई मोटरसाइकिल में विपरीत दिशा में सैल्यूट किया। इसके अलावा चलती हुई मोटरसाइकिल पर टैंक के ऊपर विपरीत दिशा में खड़े होकर मोटरसाइकिल चलाते हुए और मोटरसाइकिल की सीट को खाली छोड़कर सम्मान प्रकट किया। साथ ही मोटरसाइकिल से कमल की आकृति बनाकर प्रस्तुति दी।

### टैंक टी-90 भीष्म और एल-70 आधुनिक उपकरणों का रहा आकर्षण

कार्यक्रम में 500 छोटे व 6 बड़े उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें भीष्म टी-90 टैंक, बीएमपी, एल-70 और अन्य आधुनिक सैन्य उपकरण आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान ब्रिगेडियर अमन आनंद ने भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले हथियारों और टैंक की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री व विधायकों ने भी प्रदर्शनी में उपकरणों का अवलोकन किया और इसकी क्षमता और विशेषता की जानकारी ली। लोगों ने सेना में उपयोग होने वाले अत्याधुनिक हथियारों, ड्रोन, रायफल सहित भूतपूर्व सैनिकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं, अग्निपथ योजना, छत्तीसगढ़ हर्बल्स के स्टाल का अवलोकन किया। सैन्य प्रदर्शनी के दौरान भारतीय सेना द्वारा युद्ध में उपयोग किए गए तथा वर्तमान में उपयोग किए जा रहे विभिन्न हथियारों, टैंक, रायफल आदि का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में ऐसे टैंक और हथियार भी शामिल हैं, जो वर्तमान में उपयोग में नहीं है और सेना ने इसे एक धरोहर के रूप में संजोकर रखा है।



### हेलीकॉप्टर की नहीं हो सकी लैंडिंग

सेना के प्रदर्शन कार्यक्रम में हेलीकॉप्टर से रस्सी के सहारे कमांडोज उतरने वाले थे, लेकिन इसे एयरफोर्स ने अनसेफ बताया, जिसकी वजह से हेलिकॉप्टर की लैंडिंग नहीं हो सकी। शुक्रवार को 3 से 4 बार एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर एमआई-17 को साइंस कॉलेज ग्राउंड पर लाया गया। हेलीकॉप्टर ने लैंडिंग का प्रयास किया, लेकिन ग्राउंड में उड़ रहे टेंट के कपड़ों की वजह से लैंडिंग अनसेफ हो गई। कार्यक्रम स्थल पर विशाल एमआई-17 हेलीकॉप्टर को लाकर कमांडोज का एक्शन दिखाना मुमकिन नहीं हो पाया। हालांकि ग्राउंड पर सैन्य प्रदर्शनी में भारतीय सेना के पैरा कमांडोज और घातक कमांडोज का एक्शन तीनों दिन जरूर दिखा। कमांडोज ने दिखाया कि कैसे वे दुश्मन पर हमला करते हैं और उनके हेडक्वार्टर को जमींदोज कर देते हैं।










### देशभक्ति गीतों पर झूमे दर्शक

राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान पर आयोजित सशस्त्र सैन्य समारोह का शुभारंभ आतिशबाजी के साथ हुआ, जहां दर्शकों ने सेना के अद्भुत कौशल और वीरता का प्रदर्शन देखा। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अन्य प्रमुख नेता उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत घुड़सवारी में जवानों द्वारा दिखाए गए कौशल से हुई, जिसमें 18 वर्षीय प्रिंस ने विशेष ध्यान आकर्षित किया। सूबेदार जान के नेतृत्व में सैन्य बैंड ने देशभक्ति की 11 धुनें प्रस्तुत कीं, जिनमें ऐ मेरे वतन के लोगों.., जैसी धुन भी शामिल थी, जो राष्ट्रप्रेम की भावना को बढ़ाने में सफल रही।

## दुर्गोत्सव 2024


श्रीराम नव दुर्गोत्सव समिति, अवधपुरी, भाठागांव


न्यू जागृति दुर्गोत्सव समिति, गांधी चौक, देवपुरी


श्री सरस्वती नव दुर्गोत्सव समिति, टाटीबंध


आदर्श युवा प्रगति संघ दुर्गोत्सव समिति, मठपारा


शहीद भगत सिंह दुर्गोत्सव समिति


नव जागरण परिवार शीतला चौक, ढीमरपारा, टिकरापारा



ज्वाला मां दुर्गोत्सव समिति, मठपारा

### राजधानी में दशकों से कई समितियां मना रहीं दुर्गा पूजा उत्सव

# 92 साल से कालीबाड़ी में दुर्गा पूजा की परंपरा कोलकाता के कारीगर बनाते हैं मूर्ति, सजाते हैं दरबार

'शहर में कई ऐसे दुर्गा पंडाल हैं, जिनमें माता की स्थापना दशकों से हो रही है। इनमें कालीबाड़ी चौक के पास स्थित बंगाली कालीबाड़ी समिति द्वारा की जाने वाली दुर्गा पूजा उत्सव की परंपरा 92 साल पुरानी है। छत्तीसगढ़ की पहली बंगाली कालीबाड़ी होने का गौरव इसे प्राप्त है। इसी तरह दंतेश्वरी चौक के पास गोपियापारा में 43 साल पुरानी पंडाल सजाने की परंपरा कायम है। शारदीय नवरात्रि को उत्सव का रूप अब युवा दे रहे हैं। यहां स्थापित की जाने वाली मूर्ति अब भी आरंग का देवांगन परिवार ही बना रहा है।'

**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि में माता की स्थापना के बाद अब भी उत्सव का माहौल बनता है। कुछ साल पहले सामान्य तरीके से नौ दिनों तक देवी की स्थापना लोग करते थे। आराधना में नवरात्रि बिताने के बाद दशहरा मनाते थे। वह पुरानी व्यवस्था अब भी यथावत है। इसमें समय और संसाधन के लिहाज से अब भव्यता बढ़ गई है। शिक्षाविद प्रो. रमेन्द्रनाथ मिश्र व एसके ठाकुर बताते हैं कि 1929 के दशक में कालीबाड़ी की आधारशिला रखी गई। इसके बाद प्रदेश में दूसरी कई कालीबाड़ियों ने आकार लिया। दुर्गा पूजा की परंपरा कालीबाड़ी, रेलवे कॉलोनी फाफाडीह, डब्ल्यूआरएस सहित अब कई स्थानों पर निभाई जाने लगी है। शारदीय नवरात्रि में 40 से 55 सालों से पुरानी बस्ती गोपियापारा, कंकाली मंदिर मार्ग, पुरानी बस्ती थाना के सामने, सत्ती बाजार और आजाद चौक के पास माता का पंडाल सजाने की परंपरा यथावत है। इनको पुराने पंडालों के रूप में लोग जानते हैं।



### माता की मूर्ति का सौम्य स्वरूप

*मां दंतेश्वरी किशोर समाज दुर्गोत्सव समिति 43 साल पुरानी है। गोपियापारा की इस समिति के अध्यक्ष टिंकू पटेल, उपाध्यक्ष शुभम यादव ने बताया कि अभी इस समिति की जिम्मेदारी तीसरी पीढ़ी के रूप में युवा निभा रहे हैं। वे बताते हैं, पहले लोग खुद मेहनत करके माता के लिए पंडाल सजाते थे। इसके लिए दिनभर परिवार की जिम्मेदारी निभाने के बाद खाली समय में पंडाल बनाने में सहयोग करते थे। पहली बार आरंग के रूपराम, विश्राम देवांगन ने माता की मूर्ति को सौम्य स्वरूप दिया। इसके बाद से अब तक उनके परिवार के लोग मूर्ति बनाते आ रहे हैं। अब पोला राजू देवांगन माता की प्रतिमा को सौम्य रूप में बनाते हैं।*

### कालीबाड़ी में ही बनाते हैं मूर्ति

बंगाली कालीबाड़ी समिति कालीबाड़ी के अध्यक्ष प्रवीर सेनशर्मा ने बताया कि कालीबाड़ी का फाउंडेशन रायबहादुर व देवेन्द्रनाथ चौधरी ने रखा था। इसके बाद 1933 में पहली बार छत्तीसगढ़ में बंगाली कालीबाड़ी में पंचमी तिथि को पूजा का शुभारंभ शैलेन्द्रनाथ बोस के मार्गदर्शन में किया गया। तबसे उनके द्वारा बनाई गई व्यवस्था के तहत ही पूजा उत्सव मनाया जा रहा है। आध्यात्मिक तरीके से जैसे 92 साल पहले दुर्गा पूजा उत्सव मनाया जाता था। पूजा के नियम में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। कोलकाता व पश्चिम बंगाल के लोग ही मूर्ति बनाने से लेकर माता का दरबार सजाने तक की जिम्मेदारी अब भी निभाते हैं।



### हर दिन तीन-चार बार बदलते हैं पोशाक

बूढ़ापारा दुर्गोत्सव समिति, बिजली आफिस चौक के अध्यक्ष सुनील गायकवाड़ ने बताया कि यह दुर्गा पूजा का 45वां साल है। इसके पहले इतने भव्य स्वरूप में स्थापना नहीं होती थी। पहली बार की गई स्थापना के समय आसपास की महिलाएं मां दुर्गा को नई साड़ी पहनाने के बाद उसे सौभाग्य कामना के लिए खुद पहनती थीं। यह परंपरा 45 साल बाद भी कायम है। शारदीय नवरात्रि में माता को साड़ी अर्पित करने के लिए सालभर पहले से लोग बुकिंग कराते हैं। प्रतिदिन तीन से चार बार माता की पोशाक बदलते हैं। इस परंपरा से जुड़ा यह शहर का पहला पंडाल है। माता की मूर्ति भी 25 साल से अंजोरा में ही बनाई जाती है।

# भाई भाई...भला मोरी रामा, भला तारी रामा...

## गुजराती परिधानों में गरबे की धुन पर थिरके कदम

**रायपुर।** नवरात्रि का पर्व शुरू होते ही शहर में देर रात तक रास गरबा की धुनें भी सुनाई देने लगी हैं। गुढ़ियारी स्थित अवधपुरी मैदान में राजधानी रास गरबा उत्सव समिति की ओर से आयोजित रास गरबा में शनिवार को बड़ी संख्या में युवा गरबा के लिए पहुंचे। इस दौरान मां दुर्गा के गीतों व गुजराती गानों पर वे खूब थिरके। गरबा महोत्सव में ढोलिना ढोल.., छोगाड़ा तारा.., हे नाम रे.., राधा ने श्याम..जैसे गाने ट्रेंडिंग में रहे।



गरबा को लेकर युवाओं में एनर्जी देखते ही बन रही थी। अलग-अलग स्टेप में दो से तीन घंटे लगातार गरबा नृत्य किया। विभिन्न परिधानों में गरबा करते युवा आकर्षण का केंद्र बने रहे। महिलाएं व युवतियां गुजराती, राजस्थानी समेत छत्तीसगढ़ पारंपरिक वेशभूषा में पहुंची थीं। रात 8 बजे समिति के सदस्यों ने माता की आरती की। इसके बाद रास गरबा शुरू हुआ। गाना शुरू करने के साथ ही प्रतिभागियों के कदम थिरकने लगे। जैसे-जैसे म्यूजिक की रिदम तेज होती गई, गरबा सर्कल में भी जोश और स्पीड बढ़ती रही। रात 10 बजे के बाद गरबा ग्राउंड में संख्या बढ़ने लगी थी।

### पारंपरिक गरबा गीत पर झूमे

मैदान में जगमगाती रोशनी और म्यूजिक की बीट्स पर ताल से कदमताल मिलाते प्रतिभागी मां की आराधना में लीन रहे। सनेड़ो और भाई-भाई जैसे डांस फॉर्म के जोश से झूमते प्रतिभागियों के उत्साह में हर कोई गरबे के रंग में रंग गया। सभी पारंपरिक गरबा की वेशभूषा में पहुंचे थे। पारंपरिक गरबा गीतों के साथ फिल्मी गीतों पर थिरकते सैकड़ों लोगों को गरबा करते देखने के लिए भी बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे थे। प्रतिभागी डिफरेंट लुक और स्टाइल में गरबा करते नजर आए।

### छोटे बच्चों ने लुभाया

बड़ों के साथ छोटे बच्चों ने भी गरबा की रौनक बढ़ाई। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने पारंपरिक गरबा ड्रेस पहनकर डांस किया। नन्हे पैरों से गरबा करते बच्चों ने हर किसी का मन लुभाया। गरबे की तीसरी रात न केवल गरबा खेलने वालों के लिए खास रही, बल्कि गरबा देखने आए दर्शकों के लिए भी यादगार साबित हुई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष हनी सिंग बग्गा, महासचिव रवि राव, विकास वर्मा, मुख्य संरक्षक विक्की वर्मा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सोसायटी में भी गरबा की धूम

रायपुर। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सड्डू द्वारा रायपुर के अविनाश कैपिटल होम्स-2 में इस वर्ष नवरात्रि का भव्य आयोजन किया गया है। उत्सव में कॉलोनी के निवासी श्रद्धा और उत्साह से भाग ले रहे हैं, जिससे पूरे परिसर में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक रौनक देखने को मिल रही है। गरबा और डांडिया की धुन पर बच्चे, महिलाएं पूरे उत्साह से थिरक रहे हैं। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं जहां मां दुर्गा की आराधना में गरबा नृत्य कर रही हैं, वहीं बच्चों की खुशी और जोश ने पूरे माहौल को खास बना दिया है। इस आयोजन की एक अनूठी बात यह है कि हर आयुवर्ग के लोग चाहे बच्चे हों, युवा या बुजुर्ग, सभी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। यह आयोजन केवल एकजुटता और सामूहिकता को भी बढ़ावा दे रहा है। नवरात्रि के ये नौ दिन यहां के निवासियों के लिए भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक गतिविधियों से भरे हुए हैं। आयोजन की रौनक और मां जगदम्बा की आराधना का यह पर्व कॉलोनीवासियों के लिए यादगार बन गया है।



### ढाई एकड़ जमीन पर बोया 104 किस्म का धान....

## नारी शक्ति की मिसाल बनीं अमरिका

**रायपुर।** कोंडागांव निवासी अमरिका नेताम को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 'छत्तीसगढ़ हरित शिखर' समारोह में आमंत्रित किया गया। जहां उनके उत्तम कार्य की प्रशंसा की गई। हरिभूमि से चर्चा के दौरान अमरिका ने अपने कार्य की शुरुआती दौड़ व अब तक की सफलता को साझा किया। साल 1997 से लगातार कृषि के क्षेत्र में कार्य कर रही अमरिका ने बताया कि पिता की मृत्यु के बाद घर-परिवार की खेती-किसानी की जिम्मेदारी मेरे कंधों पर आ गई, जिसके बाद ढाई एकड़ जमीन पर कृषि कार्य शुरू किया। कृषि संबंधित विभिन्न बीजों की जानकारी होने के कारण विभिन्न प्रकार के धान की समझ है, जिसकी खेती प्रत्येक वर्ष की जाती है। बीते वर्ष 2021-2024 में लगभग 10 क्विंटल विभिन्न प्रकार



के धान बीज स्वरूप दिए जा चुके हैं। इन बीजों को देश के साथ विदेशों में भी बेचा जाता है, जिसमें सुगंधित चावल की डिमांड सबसे अधिक है। इसकी खरीदी कर छोटे-बड़े किसान खेती करना पसंद करते हैं। इन बीजों से अनेक किसानों को लाभ हो रहा है, जिससे उनकी आजीविका में भी लगातार सुधार हो रहा है।

### हजार से अधिक किसानों को बीज वितरण

आधुनिकता के दौर में लोग कृषि से दूर होते जा रहे हैं, जिसे बढ़ावा देने के मुख्य उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की बीजों की जानकारी देना शुरू किया। वर्तमान में ढाई एकड़ जमीन को छोटे हिस्सों में विभाजित कर 104 प्रकार के धान की खेती की जा रही है। फसल होने के बाद अन्य किसानों को धान बीज कम से कम कीमतों में बेचे जाते हैं। अब तक 1000 से अधिक किसानों तक बीज पहुंचाए जा चुके हैं। कुछ साल पहले 'रानी दुर्गावती शिव सहायता समूह' का शुभारंभ किया गया, जिसमें गांव की अन्य महिलाओं को जोड़ा गया है। सभी महिलाएं कृषि व बीजों को किसानों तक पहुंचाने का कार्य करती हैं। इसमें मेहेर धान, जीरा फूल, लोक्ठी मच्छी, गंगा वारु, झूमर फूल, कदम फूल, झांझी झोपा धान के प्रकार शामिल हैं। ये धान सबसे अधिक लोकप्रिय हैं, जिसकी खरीदी लगातार किसानों द्वारा की जा रहा है।

### कुशालपुर के प्राचीन दंतेश्वरी माता मंदिर में यादव पुजारी देते हैं सेवा

# अष्टकोणीय गर्भगृह में माता का श्रीमुख पूर्व दिशा में होने से तांत्रिक-मनोरथ सिद्धि के लिए उत्तम

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** कुशालपुर चौक स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर श्रद्धालुओं के आस्था का प्रमुख केंद्र है। इस मंदिर में माता का गर्भगृह अष्टकोणीय होने के साथ ही माता का श्रीमुख पूर्व दिशा में होने से यह तांत्रिक ही नहीं, बल्कि मनोरथ सिद्धि का भी कारक है। यही कारण है कि दूसरे राज्यों समेत अनेक शहरों से भी भक्त परिवार के साथ माता का दर्शन करने के लिए हर साल शारदीय और चैत्र नवरात्रि में यहां आते हैं। इस मंदिर की एक खास बात और है, इस मंदिर के उत्तर दिशा में प्रवेश द्वार से दर्शन के लिए जाते और पूर्व मुखी माता का दर्शन करते हैं। मंदिर ट्रस्ट के सचिव जसवंत सिंह ठाकुर ने बताया कि वास्तु के लिहाज से इस मंदिर को तांत्रिक और मनोकामना सिद्धि के लिए उत्तम माना जाता है।

### यहां ग्वाले चराने आते थे मवेशी

मां दंतेश्वरी मंदिर का निर्माण 1400 ईसवीं में होने के प्रमाण मिले हैं। ट्रस्ट की मानें तो यह शहर का इकलौता मंदिर है, जहां माता की सेवा यादव पुजारी प्राचीन काल से करते आ रहे हैं। श्री ठाकुर ने बताया कि अभी इस मंदिर में बतौर पुजारी राजू यादव माता की सेवा करते हैं। मंदिर का निर्माण हैहयवंशी राजा ने कराया था। महामाया मंदिर और दंतेश्वरी माता की पोशाक में पहले कई बार समानता भी पाए जाने की मान्यता है। जिस स्थान पर दंतेश्वरी मंदिर है, वहां पहले जंगल था। जहां ग्वाले मवेशी चराने के लिए जाते थे।



### दंतिका रूप में माता के दर्शन



ट्रस्ट के सचिव ने बताया कि एक रिसर्च में पाया गया कि मां दंतेश्वरी मंदिर में हमेशा यादव पुजारी रहे हैं। मान्यता है कि जहां माता का गर्भगृह है, वहां पहले जंगल था। यहां गणेशिया बाई नाम की ग्वालन भी गाय चराने आती थीं। उसने पहली बार देखा कि एक गाय जिस जगह खड़ी है, वहीं दूध गिर रहा है। इसके बाद राजा द्वारा कराई गई खुदाई में दंतिका रूप में माता ने दर्शन दिए। इसके बाद संस्कृत में इसकी व्याख्या जांचने पर मां का स्वरूप दंतेश्वरी होने की पुष्टि हुई। पहली सेवा यादवों ने की, इसलिए यह प्राचीन परंपरा अभी कायम है।

### मंदिर से जुड़ा रोचक तथ्य

इस आस्था केंद्र से एक रोचक तथ्य भी जुड़ा है कि जो श्रद्धालु माता का दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं, उनके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। माना जाता है कि मंदिर के गर्भगृह के ठीक पीछे पहले नाग-नागिन का बिल था। नवरात्रि पर्व में नाग-नागिन का जोड़ा एक बार माता के भक्तों को दर्शन देने के लिए निकलता था और परिक्रमा के बाद मूर्ति के बगल से मांद में प्रवेश करता था। उसी स्थान पर भोले बाबा विराजमान हैं।

## खबर संक्षेप

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने मनाई जयंती



**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा आशीर्वाद भवन स्थित पं. सालिगराम शुक्ल स्मृति सभागार में पूर्व सचिव न्यायमूर्ति जगन्नाथ प्रसाद बाजपेयी की जयंती मनाई गई। इसी कड़ी में पं. बाजपेयीजी को याद किया जा रहा है। कार्यक्रम में निशा अवस्थी, पं. हरिवंश बाजपेयी, पं. जवाहर बाजपेयी, साधना तिवारी, सुमन शुक्ला, पं. कुणाल शुक्ल, अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, उपाध्यक्ष पं. राघवेंद्र मिश्र आदि शामिल थे।

### सक्षम ने मनाई महामुनि ऋषि अष्टावक्र जयंती



**रायपुर।** दिव्यांगजनों के क्षेत्र में कार्य कर रहे समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसांधन सक्षम संस्थान द्वारा महामुनि ऋषि अष्टावक्र जयंती मनाई गई। इस अवसर पर देवेंद्र नगर स्थित गुजराती उच्चतर माध्यमिक स्कूल में एक कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर संस्था के जिला सचिव अविनाश चटर्जी ने बताया कि सक्षम पूरे देश में सभी प्रकार के दिव्यांग लोगों के लिए कार्य करने वाला एकमात्र एकमात्र संगठन है। इस मौके पर मुख्य वक्ता सक्षम प्रांत महिला प्रमुख पद्मा शर्मा ने दिव्यांग के प्रकार व सक्षम के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम को शरद चंदा, डॉ. शिवाकांत दुबे, अर्चना राठौर आदि ने संबोधित किया।

### तनाव प्रबंधन एवं समग्र स्वास्थ्य पर कार्यशाला

**रायपुर।** इंडियन सोसाइटी ऑफ असिस्टेड रिप्रोडकशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, रायपुर, रायपुर सोसाइटी ऑफ पेरीनैटोलॉजी एण्ड रिप्रोडकटीव बायोलॉजी एवं "हार्टफुलनेस के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 4 से 6 अक्टूबर तक किया जा रहा है। रविवार 6 अक्टूबर को आयोजित सत्र में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल होंगे। कार्यक्रम के अतिथि वक्ता पूणे के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष कुलकर्णी, मुंबई के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हरेश मेहता एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ रायपुर डॉ प्रज्ञा सूर्यवंशी तनाव प्रबंधन पर अपने विचार रखेंगे।

### व्यंग्य महोत्सव आज अनूप को परसाई सम्मान

**रायपुर।** वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में रविवार 6 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक व्यंग्य महोत्सव, हरिशंकर परसाई व्यंग्य सम्मान व अन्य सम्मान समारोह, व्यंग्य विमर्श, व्यंग्य पाठ एवं पुस्तक मेला आयोजित है। हिंदी साहित्य एवं व्यंग्य संस्थान रायपुर के अध्यक्ष राजशेखर चौबे ने बताया कि इस वर्ष का हरिशंकर परसाई व्यंग्य सम्मान 2024 अनूप मणि त्रिपाठी लखनऊ को, छत्तीसगढ़ गौरव 2024 सुनील रामदास अग्रवाल रायपुर, छत्तीसगढ़ साहित्य सम्मान 2024 लोकबाबू भिलाई को व छत्तीसगढ़ समाज सेवा सम्मान 2024 नवदृष्टि फाउंडेशन दुर्ग को दिया जा रहा है।






## कमीशन वृद्धि की मांग सहित रुकी हुई मार्जिन मनी दी जाएगी

# राशन दुकान संचालकों की सभी मांगें खाद्य विभाग ने मानी, हड़ताल खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ की सभी छह मांगों को पूरा करने पर खाद्य विभाग ने सहमति दे दी है। विभाग की सहमति के बाद 2 अक्टूबर से चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल को संघ ने समाप्त करने की घोषणा की है। खाद्य विभाग के उप संचालक राजीव जायसवाल ने संघ को सूचना दी है कि सभी छह मांगों को सरकार ने और विभाग ने पूरा करने सहमति जता दी है। साथ ही 31 अक्टूबर तक बारदाना का 55 करोड़ मार्जिन राशि का लगभग 22 करोड़ और पिछली रुकी हुई राशि को मिलाकर लगभग 100 करोड़ रुपए दुकानदारों के खाते में जल्द ही अंतरण किया जाएगा। यह भी जानाकारी दी गई कि द्वार प्रदाय योजना अंतर्गत ट्रांसपोर्टर स्वयं का कांटा से दुकान में चावल तौल कर देगा। वहीं मशीन खराब होने पर किसी प्रकार की राशि ठेकेदार से नहीं ली जाएगी, विभाग इस पर नियंत्रण रखेगा। कमीशन वृद्धि की मांग को सचिव ने स्वीकार कर फाइल में सहमति जता दी है और विभाग को भेज दिया है। नवम्बर से दुकानदार के खाते में सभी कमीशन माहवार भुगतान किया जायेगा। आबंटन में अनियमितता को लेकर शीघ्र सुधार करने का निर्णय लिया गया है। कोरोना काल में दुकानदार से ली गई राशि की वापसी इसी माह किए जाने का निर्णय लिया गया है।



### विक्रेता संघ ने वापस ली हड़ताल

शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवर्ष सापरिया ने इसे दुकानदारों की बड़ी जीत बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, एवं खाद्य संचालक को धन्यवाद ज्ञापित किया है। सभी मांगों को पूरा करने पर पांच दिनों से चल रही अनिश्चित कालीन हड़ताल वापस ले लिया गया। संघ ने अपनी मांग माने जाने पर खुशी जताते हुए एक दूसरे को बधाई दी।

## राज्य वन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने अजीत दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य वनकर्मचारी संघ के चुनाव में अजीत दुबे अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए। राज्य वन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के लिए चार प्रत्याशी चुनाव में भाग्य अजमाने उतरे थे। अजीत को इस महत्वपूर्ण चुनाव में 110 में से 55 मत मिले। निकटतम प्रतिद्वंद्वी वेद शर्मा को महज 24 वोट मिले, अन्य दो उम्मीदवारों को 17 तथा 13 वोट मिले।

- अजीत दुबे को 55 तथा निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 24 वोट मिले

कर्मचारी नेता पवन पिल्लै, संतोष सामंत, राय विनोद मिश्रा, मनीष कुशवाहा के मुताबिक राज्य वन कर्मचारी संघ का चुनाव काफी संघर्षपूर्ण था। चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशी दमखम के साथ चुनाव जीतने मैदान पर उतरे थे। कर्मचारी नेताओं के मुताबिक अजीत चुनाव प्रचार में अपने प्रतिद्वंद्वियों से शुरू से आगे चल रहे थे। अजीत को शुरू से कर्मचारियों का भारी समर्थन मिल रहा था, जिसके परिणाम स्वरूप अजीत ने चुनाव में जीत हासिल की। चुनवा जीतने के बाद अजीत ने वन कर्मियों को वेतन वृद्धि कराने के साथ पौधारोपण में होने वाले नुकसान की भरपाई वनकर्मियों से नहीं कराने संघर्ष करने की बात कही।



## विधायक की आपत्तिजनक टिप्पणी से मसीही समाज में रोष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायमुनिया भगत ने एक सभा में ईसा मसीह पर अभद्र टिप्पणी की है। इसके कारण शांत छत्तीसगढ़ में सामाजिक सौहार्द्र बिगड़ा है। ईसाई समाज ने इस मामले को लेकर 130 किलोमीटर लम्बी मानव श्रृंखला बनाकर विरोध किया है। ईसाई समाज अनर्गल बयान के विरोध में आंदोलनरत है। विधायक की सदस्यता खत्म करने की मांग राज्यपाल से की जाएगी। इस तरह के बयान से समाजों में आपसी हिंसा बढ़ रही है। कई बड़ी घटनाएं प्रदेश में इसी तरह के बयान की वजह से हुई हैं। मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह बात सर्व आदी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण पन्नालाल ने कही। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में भाजपा नफरत की राजनीति करती आ रही है। अब छत्तीसगढ़ के मूल निवासी आदिवासियों में भी भेदभाव करते हुए अब भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। आदिवासी समाज का मानना है कि आदिवासी सारना, धर्म रहित समाज है। हिन्दू आदिवासी होने का बयान विधायक ने दिया है। वहीं कई आदिवासी संगठनों ने हम आदिवासी हिन्दू नहीं है, इसकी घोषणा की है।

- राज्यपाल को ज्ञापन देकर की सदस्यता खत्म करने की मांग

## रेडियोलॉजी जांच तय करती है बीमारी की दशा और उपचार की दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

किसी भी बीमारी की जांच के लिए रेडियोलॉजी की जांच महत्वपूर्ण होती है। जांच रिपोर्ट बीमारी की दशा के साथ उपचार की दिशा भी तय करती है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आईआरआईए के दो दिवसीय रेजिडेंट एजूकेशन प्रोग्राम में यह बातें कही। इस कार्यक्रम में देशभर के विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं।

- आईआरआईए का रेजिडेंट एजूकेशन प्रोग्राम प्रारंभ
- पीजी के विद्यार्थियों को पढ़ाने देशभर से आए चिकित्सा विशेषज्ञ

मेडिकल कालेज ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में अपने संबोधन में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश का सबसे बड़ा मेडिकल कॉलेज होने के नाते रायपुर मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में रेडियोडायग्नोसिस एवं रेडियोथेरेपी विभाग में जांच एवं उपचार की अत्याधुनिक मशीन स्थापित है और ऐसा विश्वास है कि आने वाले समय में यह विभाग जांच एवं उपचार तकनीक की दिशा में और भी उन्नत होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मनोज पिंगुआ ने कहा कि रेडियोलॉजी एक ऐसी विधा है, जो रोगी के शरीर में उत्पन्न असामान्यताओं का विश्लेषण करके उसका सटीक और प्रभावी उपचार प्रदान करने में अपनी मुख्य भूमिका निभाता है। वैज्ञानिक सत्र में दिल्ली के सीएनबीसी पीडियाट्रिक हॉस्पिटल से आई डॉ. नताशा गुप्ता ने बाल चिकित्सा छाती एवं उदर विकृति विज्ञान की व्यापक केस-आधारित समीक्षा विषय पर पीजी छात्रों को पढ़ाया। जीएमसी रायपुर के रेडियोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. एसबीएस नेताम ने शरीर के निचले अंग यानी लोअर लिंब के वीनस डॉपलर विषय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। फिल्म रीडिंग सत्र-पारंपरिक रेडियोग्राफ विषय पर पटना से आये डॉ. अशोक कुमार मंडल, स्पॉटर्स पर डॉ. सीडी साहू और केस-आधारित समीक्षा और ओएससीईएसः नेफ्रो/यूरो-रेडियोलॉजी विषय पर डॉ. सिकंदर शेख (हैदराबाद) ने व्याख्यान और जानकारी दी। कार्यक्रम में मेडिकल कालेज डीन डॉ. विवेक चौधरी इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन के छत्तीसगढ़ चेप्टर के संरक्षक, पूर्व डीएमई एवं वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विष्णु दत्त और कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. आनंद जायसवाल, सह सचिव डॉ श्रेयस जायसवाल, रेडियोडायग्नोसिस विभाग से डॉ. विवेक पात्रे, डॉ. शुभकृति अग्रवाल समेत आयोजन कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में रायपुर मेडिकल कालेज की सीट फुल

**रायपुर।** एमबीबीएस-बीडीएस की सीटों में प्रवेश के लिए दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के बाद जेएन मेडिकल कालेज की पूरी सीटों पर एडमिशन हो गया है। जिन कालेजों की सीटें बाकी है उनके लिए मॉपअप राउंड का आयोजन किया जाएगा। रायपुर मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की राज्य कोटे की 189 सीटें थी।

पहले राउंड के बाद रिक्त बची 34 सीटों को दूसरे दौर की काउंसिलिंग में शामिल किया गया था। सूत्रों के मुताबिक यहां के सभी सीटों पर विद्यार्थियों ने एडमिशन का काम पूरा कर लिया है। अन्य कालेजों में दस प्रतिशत के लगभग सीटें बाकी है मगर डेंटल कालेजों में इनकी संख्या काफी अधिक है। इन सीटों पर एडमिशन के लिए आने वाले दिनों में मॉपअप राउंड का आयोजन किया जाएगा।




## बिजनेस साइट

### एसआरयू में 'विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस' पर वेबिनार



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में शनिवार को 'विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस' के उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग और विशेष शिक्षा विभाग द्वारा आईएटी के सहयोग से एक हाइब्रिड मोड वेबिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सेरेब्रल पाल्सी से संबंधित विकारों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना था। वेबिनार के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. चानन गोयल (न्यूरो फिजियोथेरेपिस्ट) और डॉ. रुचिरा राज पाण्डेय (ऑडियोलॉजी पैथोलोजिस्ट) ने सेरेब्रल पाल्सी वाले व्यक्तियों की जीवनशैली में सुधार के उपायों पर चर्चा की। इस वेबिनार में 100 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से उपस्थित हुए।

### इंडियन कॉफी हाउस रायपुर की 9वीं शाखा का शुभारंभ

**रायपुर।** द इंडियन कॉफी वर्क्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड जबलपुर द्वारा संचालित इंडियन कॉफी हाउस एवं रेस्टोरेंट की रायपुर में 9वीं शाखा का शुभारंभ मोवा स्थित चंद्रा स्क्वायर, रिलायंस स्मार्ट के ऊपर विधानसभा रोड में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने शाखा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आईसीडब्लूसीएस के अध्यक्ष डॉ. ओ.के. राजगोपालन और सचिव एम. प्रकाशन भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इंडियन कॉफी हाउस पिछले 66 वर्षों से अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहा है। यह प्रतिष्ठान वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन और आईओसी यूरोप द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन से सम्मानित है।



## रायपुर में हाथकरघा वस्त्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ आज

**रायपुर।** दशहरा और दीपावली के अवसर पर राजधानी रायपुर में ग्रामोद्योग विभाग द्वारा आयोजित हाथकरघा वस्त्रों की भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ शनिवार को सिंधु पैलेस, बीटीआई ग्राउण्ड के सामने शंकर नगर में किया जाएगा। यह प्रदर्शनी 6 से 13 अक्टूबर तक चलेगी। एमएम जोशी और श्रुति गोयल ने प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के सिद्धहस्त बुनकरों, शिल्पियों और कारीगरों द्वारा निर्मित कोसा और कॉटन वस्त्र, खादी वस्त्र, हस्तशिल्प और माटीकला की विविध कलाकृतियों का विक्रय किया जाएगा। प्रदर्शनी में विशेष रूप से कोसा नगरी जांजगीर-चाम्पा, रायगढ़, कोरबा, सक्ती और अन्य क्षेत्रों से आए बुनकरों द्वारा निर्मित कोसा साड़ियां, ड्रेस मटेरियल, सलवार शूट, शॉल, दुपट्टा, जैकेट और अन्य वस्त्र प्रदर्शित होंगे। इसके अलावा बलौदाबाजार, धमतरी, राजनांदगांव और रायपुर के कॉटन वस्त्रों जैसे साड़ियां, सलवार शूट, चादर, गमछा, शर्टिंग और सूटिंग भी प्रदर्शनी में शामिल होंगे। प्रदर्शनी में 'वोकल फॉर लोकल' की अवधारणा के साथ 20-25 प्रतिशत विशेष छूट की सुविधा भी उपलब्ध होगी।



### वस्त्रम विकास में नवरात्रि विशेष ऑफर की धूम

**रायपुर।** शहर के प्रतिष्ठित फैमिली फैशन शॉप वस्त्रम विकास में नवरात्रि और दीपावली को देखते हुए मेन्स वियर व लेडिस वियर की विशाल रेंज उपलब्ध है। संस्थान के संचालन केपी देवांगन ने बताया कि वस्त्रम विकास विगत 29 वर्षों से रायपुर सहित पूरे प्रदेश के कई परिवारों के फैशन के डिमांड को पूरा करता आया है। इसी कड़ी में नवरात्रि पर कई प्रकार के वस्त्रों का बेहतरीन डिजाइन एवं वैरायटी लेकर आए हैं। पुरुषों के लिए 1599 रुपए में कुर्ता-पायजामा वो भी स्टाइलिश जैकेट के साथ मिलेंगे। इसके अलावा ब्रांडेड सूटिंग-शर्टिंग पर 50 प्रतिशत की छूट का ऑफर चलाया जा रहा है, जिसे ग्राहकों के द्वारा अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। विकास की पांचों ब्रांच टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, नेशनल कॉर्पोरेट पार्क जीई रोड, विकास टॉवर वस्त्रम सुंदरनगर, लक्ष्मीनारायण मंदिर रोड कोटा और पुरानी धमतरी रोड डूंडा में एक समान रूप से प्रत्येक कस्टमर्स को प्रदान किए जाएंगे। वस्त्रम विकास में ब्रांडेड फैंसी साड़ी, डिजाइनर लहंगा, कुर्ती, शेरवानी, जोधपुरी, थ्री-पीस कुर्ता पायजामा, ब्रांडेड किड्स वियर आदि की विस्तृत रेंज उपलब्ध है।




### सिक्सथ गियर में नवरात्रि पर रॉयल इनफील्ड के बाइक्स की बुकिंग शुरू

**रायपुर।** टाटीबंध स्थित रॉयल इनफील्ड के अधिकृत विक्रेता सिक्सथ गियर में नवरात्रि और धनतेरस के अवसर पर ग्राहकों ने बाइक्स की बुकिंग शुरू कर दी है। इस समय ग्राहकों को क्लासिक-350 और हंटर जैसी बाइक्स खासा आकर्षित कर रही हैं। शोरूम के संचालक अंकित जैन ने बताया कि ग्राहकों को हंटर बाइक मात्र 4999 रुपए की डाउन पेमेंट पर और क्लासिक-350 को 10000 रुपए की डाउन पेमेंट में अपने घर ले जाने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके अलावा सैनिक और अर्धसैनिक बल के लिए कैंटीन सुविधा पर बाइक उपलब्ध कराई जा रही है। पुलिस, रेलवे पुलिस, सीआरपीएफ वालों को एक निश्चित छूट दी जा रही है। सिर्फ बाइक्स ही नहीं, शोरूम में रॉयल इनफील्ड की जैकेट्स, एसेसरीज, हेलमेट्स और स्पेयर पार्ट्स भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा ग्राहकों की सुविधा के लिए शोरूम ने भाटापारा और बीरगांव में दो फेस्टिव काउंटर भी खोले हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारी शाखाएं रायपुर, कवर्धा, बलौदाबाजार और राजिम में भी स्थित हैं, जिससे ग्राहकों को इन बाइक्स की खरीदारी में कोई असुविधा न हो।



